दैनिक हिन्दी अख़बार

सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 124 जयपुर, रविवार, 14 अप्रैल, 2024 | चैत्र, शुक्ल पक्ष- षष्ठी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

मौसम: प्रदेश के 30 से ज्यादा जिलों में आंधी के साथ बारिश, श्रीगंगानगर में बिजली गिरने से एक की मौत

जयपुर में बारिश से मौसम हुआ सुहाना...पारा गिरा, गर्मी से राहत

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में एक बार फिर से मौसम में बदलाव देखने को मिला है। 30 से ज्यादा जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। बारिश के बाद तापमान में गिरावट से लोगों को गर्मी से निजात मिली।

उधर, तेज आंधी व बारिश के चलते श्रीगंगानगर में हादसा हुआ। यहां बिजली गिरने से एक जने की मौत हो गई। इसके अलावा बीकानेर, गंगानगर, अजमेर, हनुमानगढ़, चूरू के एरिया में काले घने बादल छाए रहे। वहीं, जयपुर, अलवर, सीकर, बीकानेर, अजमेर और गंगानगर में बारिश हुई। उल्लेखनीय है कि मौसम केंद्र जयपुर ने प्रदेश के 30 जिलों के लिए अलर्ट जारी किया था। शनिवार सुबह से गंगानगर, बीकानेर, हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनूं, जैसलमेर, जोधपुर, नागौर में हल्की बारिश हुई।

बीकानेर, जैसलमेर क्षेत्र में सुबह 25 किमी की रफ्तार से तेज हवा चली। श्रीगंगानगर और सीकर में शाम को हल्की बारिश के साथ आसपास के इलाकों में तेज हवा चली। मौसम विभाग के अनुसार 18 और 19 अप्रैल को एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय रहने की संभावना है।



आज भी कई जिलों में बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग ने रविवार को भी प्रदेश के कई जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। अजमेर, अलवर, बांसवाड़ा, बारां, भरतपुर, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, दौसा, धौलपुर, डुंगरपुर, जयपुर, झालावाड़, झुंझुनूं, करौली, कोटा, राजसमंद, सवाईमाधोपुर, सीकर, सिरोही, टोंक, उदयपुर, बाड़मेर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जालोर, जोधपुर, नागौर, पाली और श्रीगंगानगर में मेघगर्जन के साथ बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं कई जिलों में ओलावृष्टि भी हो सकती है।

कल बरसात-ओलावृष्टि की प्रबल संभावना

मौसम विभाग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बारिश का 15 अप्रैल तक सर्वाधिक असर रहने और कहीं-कहीं असामयिक वर्षा एवं ओलावृष्टि होने की प्रबल संभावना है। असामयिक वर्षा एवं ओलावृष्टि होने से रबी की खेतों में कटी हुई फसल प्रभावित होने की स्थिति में राज्य सरकार की अधिसूचना के अनुसार किसान की बीमित फसल के खराबे के बारे में 72 घंटे के अंदर सूचित कर सकते हैं।

जरूरी **खबर**

बीजेपी आज जारी करेगी अपना मेनिफेस्टो

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी अपना घोषणा पत्र रविवार को जारी करेगी। पीएम नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में बीजेपी मेनिफेस्टो पार्टी के मुख्यालय में जारी किया जाएगा। दिल्ली स्थित भाजपा हेड क्वार्टर में चुनावी मेनिफेस्टो जारी किया जाएगा। इस दौरान पीएम मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहेंगे। बीजेपी ने अपने मेनिफेस्टो को संकल्प पत्र नाम दिया है। पार्टी अपने मेनिफेस्टो में गरीब, युवाओं, महिला और किसानों से जुड़ी योजनाओं फोकस करेगी। बीजेपी ने बाबसाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर अपना मेनिफेस्टो जारी करने का फैसला लिया है।

BJP को चंदा देने वाली कंपनी पर CBI का एक्शन

नई दिल्ली। इस्पात मंत्रालय तथा मेघा इंजीनियरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के अधिकारियों पर 315 करोड़ रुपए की एनआईएसपी परियोजना में कथित भ्रष्टाचार को लेकर मामला दर्ज किया गया है। सीबीआई ने बताया कि इसने 315 करोड़ रुपए की परियोजना के क्रियान्वयन में कथित भ्रष्टाचार को लेकर इस्पात मंत्रालय के एनएमडीसी आयरन एंड स्टील प्लांट के आठ अधिकारियों सहित मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

अलवर के हरसोली में जनसभा को संबोधित करते हुए बोले शाह...

BJP आरक्षण की समर्थक, न हटाएंगे और ना ही हटाने देंगे

- गृह मंत्री शाह ने कांग्रेस पर बोला जुबानी हमला
- कांग्रेस आरक्षण को लेकर फैला रही है गलतफहमी

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में बड़े नेताओं के ताबड़तोड दौरे हो रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के बाद अब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने प्रदेश में चुनाव प्रचार की कमान संभाल ली है। शाह ने शनिवार को अलवर जिले के हरसोली में पार्टी प्रत्याशी भूपेंद्र यादव के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। शाह ने कहा कि आरक्षण को लेकर कांग्रेस गलत फहमी फैला रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा आरक्षण का समर्थन करती है। हम न आरक्षण हटाएंगे और ना किसी को हटाने देंगे। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि सोनिया गांधी का पूरा ध्यान बेटे को पीएम बनाने में है, उन्हें आपके बेटे-बेटी से कोई मतलब नहीं है।

शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी चुनाव में गलतफहमी फैला रही है, खासतौर पर दलित और आदिवासियों में। कांग्रेस कह रही है कि बीजेपी आरक्षण समाप्त करने वाली है। शाह ने कहा कि आरक्षण चाहे दलित का हो, आदिवासी का या पिछड़ा वर्ग का हो, भाजपा इसका समर्थन करती है। शाह ने कहा कि पीएम मोदी स्वयं आरक्षण के सबसे बड़े समर्थक हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ओबीसी की विरोधी पार्टी है। पिछड़ा वर्ग के साथ अन्याय किया है।

अमित शाह कल जयपुर में करेंगे रोड शो

जयपुर ।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को जयपुर दौरे पर रहेंगे। इस दौरान जयपुर शहर से भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा के समर्थन में रोड शो करेंगे। शाह के रोड शो की तैयारियों को लेकर पार्टी नेता जुटे हुए हैं। रोड शो शाम पांच बजे सांगानेरी गेट, पूर्वमुखी हनुमान मंदिर, जौहरी बाजार से शुरू होगा।

कांग्रेस कहती है बेटा बचाओ, PM बनाओ

जनसभा में शाह ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि पीएम मोदी ने 'बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ' का अभियान चलाया है। इसके कारण जन्मदर में भी बढ़ोतरी हुई है, इसके कारण बेटियों के पढ़ाई-लिखाई में भी बढ़ोतरी हुई है। वहीं, कांग्रेस कहती है 'बेटा बचाओ, पीएम बनाओ'. सोनिया गांधी का पूरा ध्यान बेटे को पीएम बनाने पर है, आपके बेटा-बेटी से उन्हें कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि 'राहुल बाबा' के यान को 20 बार लॉन्चिंग करने की कोशिश की गई है, लेकिन हर बार लॉन्चिंग फेल हुई है। ऐसा करते-करते आज हालात यह है कि कांग्रेस ही लॉन्च नहीं हो पा रही है। शाह ने कहा कि कांग्रेस इतने सालों तक वोट बैंक के लालच में धारा 370 को संजोकर बैठी थी, पीएम मोदी ने इसे हटाने का काम किया है। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना के मुद्दे पर शाह ने कहा कि ईआरसीपी के तहत अब पानी अलवर में हर घर पहुंचेगा, ये गारंटी है। इसके आने से धरती हरीभरी हो जाएगी और पानी का संकट खत्म हो जाएगा।

वीके सिंह प्रदेश BJP कार्यालय में प्रेस से हुए रू-ब-रू, बॉर्डर पर बोले...

'न एक इंच उधर हुई है ना एक इंच इधर...'

- कहा-विपक्ष ने अरुणाचल के मुद्दे को गलत तरीके से किया पेश

बेधड़क | जयपुर

केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह शनिवार को एक दिवसीय प्रदेश दौरे पर जयपुर पहुंचे। प्रदेश भाजपा कार्यालय में अपने संबोधन में वीके सिंह ने चीन सहित कई मुद्दों पर खुलकर बात की। सिंह ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के कब्जे को लेकर चल रही चर्चाओं को पूरी तरह से गलत और अफवाह बताया।

उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा भारत का हिस्सा रहेगा। उन्होंने कहा कि स्थानों के नाम बदलने का मतलब यह नहीं है कि यह उनकी जगह है। विश्वास के साथ कह सकता हूं कि न एक इंच उधर हुई है ना एक इंच इधर... विपक्ष सिर्फ एक मुद्दा बना रहा है क्योंकि उनके पास कुछ भी नहीं है। वीके सिंह ने कहा कि धरातल पर ऐसा कुछ नहीं हुआ है। यह सिर्फ एक मिथ्य है, जिसे दिमाग से निकालने की जरूरत है। न चीन ने भारत पर कब्जा किया है और ना ही उसे करने दिया गया है। सिर्फ विपक्ष द्वारा अरुणाचल प्रदेश के मुद्दे को गलत तरीके से पेश किया गया है। सिंह ने कहा कि भारत का सेना अध्यक्ष रहा हूं। इस नाते यह बताना चाहता हूं कि जो स्थिति अरुणाचल प्रदेश में साल 2012 में थी, वही स्थिति आज भी है। उसमें किसी तरह का कोई बदलाव नहीं आया है।

ऐसे में जो भी लोग कह रहे हैं कि चीन ने भारत पर कब्जा कर लिया है, उन लोगों की बात नहीं माननी चाहिए। पीओके के भारत में मिलने के सवाल पर वीके सिंह ने कहा कि वहां के लोग भारत में आने का मन बना रहे हैं। जिस दिन उन लोगों का मन बन जाएगा। उसी दिन यह भी संभव हो जाएगा।

कल अलवर में करेंगी रोड शो

अब चुनाव प्रचार की कमान संभालेंगी प्रियंका गांधी

बेधड़क | जयपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं राजस्थान की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी वाड्रा दो दिवसीय राजस्थान दौरे पर रहेंगी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि रविवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी वाड्रा जालौर लोकसभा क्षेत्र के भीनमाल में कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगी। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा भी साथ रहेंगे। 15 अप्रैल को प्रियंका गांधी वाड्रा सुबह 11 बजे अलवर में रोड शो करेंगी। दोपहर डेढ़ बजे दौसा लोकसभा क्षेत्र के बांदीकुई में जनसभा को संबोधित करेंगी। इस अवसर पर उनके साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश प्रभारी से सुखजिंदर सिंह रंधावा सहित अनेक वरिष्ठ नेता साथ रहेंगे।

राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को हराया

नई दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को आईपीएल 2024 के 27वें मुकाबले में तीन विकेट से हरा दिया है। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला चंडीगढ़ के मुल्लांपुर में स्थित महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। राजस्थान अंक तालिका में पहले स्थान पर है। उसके 6 मैच में अब 10 अंक हो गए हैं। टीम को पांचवीं जीत मिली है। खेले गए मुकाबले में पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 147 रन बनाए। इसके जवाब में राजस्थान रॉयल्स ने 19.5 ओवर में सात विकेट पर 152 रन बनाए और तीन विकेट से मैच जीता। राजस्थान को जीत के लिए आखिरी ओवर में 10 रन चाहिए थे। शिमरन हेटमायर ने तीसरी और पांचवीं गेंद पर छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई।

वायरल हुआ वीडियो

ईरान ने बीच समुद्र में 'इजराइली' जहाज पर उतारे हथियारबंद कमांडो

- भारत आ रहे जहाज पर ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में किया कब्जा
- इजराइल से जुड़े जहाज पर मौजूद हैं 17 भारतीय नागरिक
- ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड ने किया है जहाज पर कब्जा

एजेंसी | तेल अवीव

ईरान के रिवोल्यूशनरी गाड्र्स ने शनिवार को इजराइल से जुड़े एक कंटेनर जहाज जब्त कर लिया। बताया गया है कि यूएई से चले इस जहाज के बोर्ड पर 17 भारतीय नागरिक मौजूद थे। एमएससी एरीज नाम का यह जहाज मुंबई के जवाहरलाल नेहरू पोर्ट के लिए आ रहा था। जहाज पर होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहा था, उसी समय हेलिकॉप्टर से उतरे ईरान के इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कोर के कमांडों ने जहाज पर कब्जा कर लिया। जहाज पर मौजूद भारतीयों के बारे में अभी कोई और जानकारी सामने नहीं आई है। ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी ने जहाज के ईरान के कब्जे में होने की पुष्टि की है। इजराइल के साथ रिश्ते के आरोप में एमएससी एरीज पर कब्जा किया गया है। लंदन की कंपनी जोडियाक मेरिटाइम के इस जहाज पर पुर्तगाल का झंडा लगा हुआ था। जोडियाक ग्रुप इजराइली अरबपति इयार ओफेर का है। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें दिखाई दे रहा है कि हेलिकॉप्टर से हथियारबंद कमांडो जहाज पर उतर रहे हैं।



दोनों देशों के बीच बने हैं जंग जैसे हालात

ईरान ने इजराइली जहाज पर कब्जे की घटना को ऐसे समय में अंजाम दिया है जब लगभग दो सप्ताह पहले हुए हमले के चलते दोनों देशों के बीच जंग जैसे हालात बने हुए हैं। 1 अप्रैल को सीरिया की राजधानी दमिश्क स्थित ईरान के वाणिज्य दूतावास पर मिसाइल से हमला हुआ था। हमले में ईरान की रिवॉल्यूशनरी गार्ड के सीनियर कमांडर जनरल मोहम्मद रेजा जहेदी और उनके डिप्टी समेत 7 ईरानी सैन्य अधिकारी मारे गए थे। ईरान ने इस हमले के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराते हुए अंजाम भुगतने की धमकी दी थी।

खामेनेई को रिपोर्ट करता है रिवॉल्यूशनरी गार्ड

वीडियो में नजर आ रहा हेलिकॉप्टर ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड से जुड़ा बताया जा रहा है। रिवॉल्यूशनरी गार्ड पहले भी जहाजों पर हमले कर चुका है। ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड को अमेरिका ने आतंकी संगठनों की लिस्ट में डाल रखा है। ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई को सीधे रिपोर्ट करने वाले रिवॉल्यूशनरी गार्ड की नेवी समय फारस की खाड़ी में ऑपरेशन के लिए कुख्यात है।

खामेनेई ने दी थी धमकी

बीते बुधवार को तेहरान में एक सभा को संबोधित करते हुए ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने इजराइल को शैतान बताते हुए सजा देने की बात कही थी। खामेनेई ने कहा था कि वाणिज्य दूतावास पर हमला हमारी जमीन पर हमले की तरह था। जिन शैतानी ताकतों ने इस काम को अंजाम दिया है, उन्हें सजा मिलनी चाहिए और सजा जरूर मिलेगी। इसके बाद से ही माना जा रहा है कि ईरान हमला कर सकता है। अमेरिका ने भी इजराइल पर ईरान के हमले को लेकर अलर्ट जारी किया है। अब इस बार इजराइल और ईरान के तनाव का शिकार भारतीय हुए हैं।

जरूरी खबर

दिव्यांगजनों ने आमजन को दिया मतदान का संदेश

बेधड़क.जयपुर। लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान बढ़ाने के लिए चल रहे सतरंगी सप्ताह के चौथे दिन शनिवार को 'अंगुली पर निशान-देश के नाम' थीम पर ट्राई साइकिल रैली निकाली गई। स्टेच्यू सर्किल से यूथ हॉस्टल तक आयोजित हुई रैली को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक बी.पी चंदेल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ट्राई साइकिल रैली में सैकड़ों दिव्यांगजनों ने भाग लेकर आमजन को मतदान के लिए प्रेरित किया।

बाबा साहेब की जयंती पर आज होगी मैराथन दौड़

बेधड़क.जयपुर। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर रविवार को डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी की ओर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस अवसर पर अम्बेडकर रन फॉर यूनिटी (हाफ मेराथन दौड़) फिनिश लाइन संस्था के सहयोग से सुबह 5 बजे से आयोजित की जाएगी। सुबह 10 बजे होने वाले पुष्पांजलि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, मंत्री अविनाश गहलोत, मंत्री डॉ. मंजू बाघमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर 500 व्यक्तियों को एक लाख रुपए (कुल पचास करोड़) प्रति व्यक्ति दुर्घटना पालिसी का निःशुल्क वितरण किया जाएगा।

'पहुंचो बूथ, करो मतदान' थीम पर निकाली रैली

बेधड़क.जयपुर। लोकसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता की सक्रिय भागीदारी एवं शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जयपुर जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। शनिवार को हवामहल एवं सिविल लाइन्स विधानसभा क्षेत्र के राजस्थान पुलिस अकादमी, आवासीय परिसर के गेट, शास्त्री नगर से भट्टा बस्ती पुलिस थाना तक 'पहुंचो बूथ, करो मतदान थीम' पर मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। सहायक रिटर्निंग अधिकारी डॉ. सरिता शर्मा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई गई। रैली में सुपरवाइजर्स, बूथ लेवल अधिकारी और आमजन शामिल हुए।

कांग्रेस प्रत्याशी ने रेवदर क्षेत्र के ग्रामीणों की जानी समस्याएं, जागेश्वर महादेव और बाबा रामदेव के किए दर्शन

इस बार भाजपा के किसी झांसे में नहीं आएगी जनता: वैभव

बेधड़क | जयपुर

जालोर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत ने शनिवार को रेवदर विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद किया और क्षेत्र की समस्याएं जानी।

उन्होंने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि चुनाव जीतने के बाद जल्द से जल्द उनका निराकरण कराने का प्रयास करेंगे। वैभव ने कहा कि जालोर-सिरोही की तरक्की मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने रेवदर के गांव जीरावल में बाबा रामदेव और गांव दांतराई में जागेश्वर महादेव मठ कोठार में दर्शन कर पुण्यलाभ लिया। आमजन से संवाद के दौरान वैभव गहलोत ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से जोधपुर की तर्ज पर जालोर, सांचौर और सिरोही जिलों का विकास कराया जाएगा। इस क्षेत्र से 20 सालों से भाजपा के सांसद चुनाव जीतते आ रहे हैं, लेकिन इसके बदले में जालोर-सिरोही को कुछ नहीं मिला। भाजपा के सांसद एक योजना भी इस क्षेत्र को नहीं दे पाए, जबकि केंद्र में 10 साल से भाजपा की सरकार है। उन्होंने कहा कि आमजन इस बार के चुनाव में भाजपा के बहकावे में नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार के साढ़े तीन माह के शासन में जनता को झूठ-सच का अंतर साफ नजर आ चुका है। वैभव ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने हमेशा आमजन के लिए कार्य किए हैं। गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद की है। चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा, अन्नपूर्णा फूड पैकेट, इंदिरा रसोई योजना, निशुल्क जांच, उपचार एवं दवा जैसी योजनाएं चलाई हैं। उन्होंने कहा कि हमारे सांसद नीरज डांगी ने राज्यसभा में सिरोही को हवाई सेवा से जोड़ने की मांग उठाई थी, लेकिन आपने कभी भाजपा के सांसद को दिल्ली की संसद में इस मुद्दे पर बोलते हुए सुना है क्या? वैभव ने कहा कि मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि चुनाव जीतते ही पहली प्राथमिकता स्थानीय विकास की रहेगी।

इन क्षेत्रों में आमजन से किया संवाद

वैभव गहलोत ने रेवदर क्षेत्र के निम्बज, दांतराई, जीरावल, दौलपुरा, दत्ताणी, बहादुरपुरा, चण्डेला, गिरवर, चनार, आवला, धामसरा, मूंगथला, क्यारिया, गणका, गांधीनगर सहित 50 गांवों के लोगों से मुलाकात कर संवाद किया। इस दौरान ग्रामीणों ने वैभव का ढोल-नगाड़ों की धुन के बीच पुष्पवर्षा के साथ स्वागत कर विजयश्री का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद नीरज डांगी, विधायक मोतीराम कोली, विधानसभा प्रत्याशी रहे लीलाराम गरासिया और कांग्रेस जिला अध्यक्ष आनंद जोशी ने भी आमजन को सबोधित किया। इनके अलावा अनीता बाकोलिया, महेश मोरदिया, लाखाराम चौधरी, भवानी सिंह भटाना, मोहन सिंह, के.पी. सिंह, सूरताराम देवासी सहित कांग्रेस पदाधिकारी व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रियंका की भीनमाल में जनसभा आज

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी रविवार को भीनमाल में प्रत्याशी वैभव गहलोत के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। सभा का आयोजन सुबह 11 बजे से भीनमाल के शिवराज स्टेडियम में होगा। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राज्य सभा सांसद नीरज डांगी भी मौजूद रहेंगे।

चूरू से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में सीएम ने जनसभा में कहा...

कांग्रेस ने गरीबी हटाने का सिर्फ नारा दिया, काम कुछ नहीं किया

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को हनुमानगढ़ के भादरा एवं नोहर में चूरू लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी देवेन्द्र झाझड़िया के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने झाझड़िया को भारी बहुमत से जिताने का आह्वान किया। आमसभा में सीएम शर्मा ने कांग्रेस पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सिर्फ गरीबी हटाओं का नारा दिया, लेकिन उनके लिए कोई काम नहीं किया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पास सिर्फ झूठ और लूट की कहानी है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने पूर्व सैनिकों की वन रैंक-वन पेंशन की मांग को पूरा किया। 2014 से पहले देश की परिस्थितियों से आप सभी अवगत थे और 2014 के बाद देश में हुए परिवर्तन को आप सभी ने देखा है। 2014 से पहले देश में लाखों करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार होते थे। भ्रष्टाचार को जन्म देने वाली कांग्रेस पार्टी है। सबसे अधिक शासन करने वाली कांग्रेस के शासन में सड़क, पानी, चिकित्सा एवं बिजली की आधारभूत सुविधाएं भी आमजन को उपलब्ध नहीं हो सकी। कांग्रेस ने देश में जाति-धर्म के आधार पर बंटवारा, भ्रष्टाचार व तुष्टीकरण के अलावा कुछ नहीं दिया।

उन्होंने कहा कि 2014 के बाद गरीब कल्याण से लेकर देश का विकास, सीमाओं की सुरक्षा, दुनिया में देश का नाम रोशन करने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। वे जो कहते हैं उस काम को पूरा करते हैं। प्रधानमंत्री की गारंटी काम को पूरा होने की गारंटी है। सीएम शर्मा ने कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार को बने महज 4 महीने होने जा रहे हैं।

अब तक हमने संकल्प पत्र के 45 प्रतिशत वादों को पूरा कर दिया है। प्रदेश में युवाओं के सपनों को तोड़ने वाले पेपरमाफिया के खिलाफ हमने एसआईटी गठित कर 85 लोगों को गिरफ्तार किया है।

इस मामले में कोई कितना ही बड़ा क्यो न हो उसे छोड़ा नहीं जाएगा। प्रदेश में बेलगाम अपराध को रोकने व अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के लिए हमने एंटी गैंगस्टर्स टास्क फॉर्स बनाई। सीएम शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के लिए प्रदेश की सभी 25 लोकसभा सीटें जनता के आशीर्वाद से जीतेंगे, लेकिन इस बार जीत का मार्जिन बड़ा होगा। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं आमजन मौजूद रहे।

हमने किसानों का सम्मान बढ़ाया

सीएम शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने किसानों का सम्मान करते हुए किसान सम्मान निधि की राशि 6 हजार से बढ़ाकर 8 हजार रुपए की। गेहूं की खरीद पर 125 रुपए का अतिरिक्त बोनस देकर 2400 रुपए प्रति क्विंटल की एमएसपी देने का काम हमने किया है। प्रदेश के बुजुर्गों की सामजिक सुरक्षा पेंशन को बढ़ाकर 1 हजार 150 रुपए किया। गांव के विकास के लिए मिलने वाले बजट को हमने समय से दिया। प्रदेश में पेट्रोल-डीजल पर वैट घटाकर कीमतें कम की। साथ ही, प्रदेश में इनकी कीमतों में असंतुलन को भी हमने समाप्त किया।

ईआरसीपी और यमुना समझौते से मिलेगी राहत

मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि पूर्वी राजस्थान की वर्षों से लंबित ईआरसीपी की मांग को एमओयू कर पूरा किया। इससे 21 जिलों को पीने का पानी तो मिलेगा ही, 2.80 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई के लिए पानी भी उपलब्ध होगा। शेखावाटी के चूरू, सीकर एवं झुंझुनूं जिले की वर्षों से लंबित मांग को यमुना जल समझौता कर पूरा करने का काम किया। उदयपुर की जल आवश्यकता की पूर्ति के लिए देवास योजना की सौगात दी। उन्होंने कहा कि हुनमानगढ़ और गंगानगर क्षेत्र की इंदिरा गांधी नहर की 15 किमी कच्ची नहर के कार्य के लिए सरकार ने 263 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। साथ ही, इस क्षेत्र के किलाबंदी एवं मुरबाबंदी तथा असिंचित गांवों के विषय पर भी सरकार गंभीर है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने जनसंपर्क में कहा

मोदी सरकार में देश ने छुए विकास के नए आयाम: सीपी जोशी

बेधड़क | जयपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं चित्तौडगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सीपी जोशी ने शनिवार को बेगूं विधानसभा में 20 से अधिक स्थानों पर जनसंपर्क किया। इन भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और आमजन ने पुष्पवर्षा के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान जोशी को फलों से भी तोला गया।

जोशी ने पुठोली, आजोलिया का खेड़ा, सुवानिया, चौगावड़ी, गोवलिया, लालास, कुंवालिया, तुम्बडिया, साड़ास, रघुनाथपुरा, मण्डपिया, शादी, सोनियाणा, जोजरो का खेड़ा, उण्डवा, बुढ़, सुदरी, खारखंदा, कांटी, बोरदा, बोलो का सांवता और गंगरार में जनसंपर्क किया और भाजपा के पक्ष में मतदान कर रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाने की अपील की।

इस दौरान जोशी ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में बने रहने के लिए देश को भ्रष्टाचार, आतंकवाद, जातिवाद, तुष्टिकरण और परिवारवाद की आग में धकेल दिया। जनकल्याण और राष्ट्रनिर्माण के लिए कुछ नहीं किया, जनता को सिर्फ वादे और नारे दिए। मोदी सरकार ने सभी देशवासियों के बैंक में खाते खोले जिससे आज जनकल्याणकारी योजनाओं का पैसा सीधे लाभार्थी के खाते में आने लगा और बिचौलियों का खात्मा हुआ। देश की जनता ने देखा कि मोदी सरकार में किस प्रकार आतंकी घटनाओं का जवाब दुश्मन के घर में घुसकर दिया जाता है।

मोदी सरकार के दस सालों में अकल्पनीय काम हुए है। जनता ने देश के सम्मान को बढ़ते देखा है, गरीब का कल्याण होते देखा है। जनसंपर्क के दौरान क्षेत्रीय विधायक डॉ. सुरेश धाकड़ सहित भाजपा जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता साथ रहे। वहीं बेगू विधायक सुरेश धाकड़, बेगू विधानसभा प्रभारी हर्षवर्धन सिंह रूद्र, सह प्रभारी उमेश त्रिपाठी, जिला महामंत्री देवी सिंह राणावत, पूर्व जिला प्रमुख भेरू सिंह चौहान, सत्यनारायण मेनारिया, कमलेद्र सिंह हाड़ा, तारावती धाकड़, ज्योतिष पुरोहित, संजय वैष्णव, भवानीराम जाट, गोपाल शर्मा आदि उपस्थित थे।

भाजपा की ओर से आयोजित हुआ कार्यक्रम

प्रबुद्धजनों से चुनावी रूप-रेखा पर चर्चा

बेधड़क | जयपुर

विद्याधर नगर स्थित बियानी कॉलेज में शनिवार को प्रबुद्धजनों से संवाद का कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय नागरिक एवं उडड्यन मंत्री जनरल वी.के. सिंह थे।

इस मौके पर भाजपा नेता एवं पूर्व पुलिस महानिदेशक बी. एल. सोनी भाजपा नेता राजेन्द्र सिंह शेखावत, आलोक पारीक और बियानी कॉलेज के डायरेक्टर संजय बियानी भी मौजूद रहे। भाजपा नेता आलोक पारीक ने बताया कि कार्यक्रम के आयोजक राजेन्द्र सिंह शेखावत थे। कार्यक्रम में शामिल हुए प्रबुद्धजनों से बी.एल. सोनी ने संवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'इस बार-400 पार' के नारे को सफल बनाने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत को लेकर विचार विमर्श किया गया और इसके अनुरूप रूप-रेखा तैयारी की गई। इस दौरान भाजपा नेताओं ने अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्त्ताओं को जोड़कर जयपुर शहर सीट पर उम्मीदवार मंजू शर्मा को विजयी बनाने का आह्वान किया।

ऑपरेशन वज्र प्रहार के तहत अपराधियों पर कसा शिकंजा

194 जगहों पर दबिश देकर दबोचे 46 बदमाश

बेधड़क | जयपुर/चूरू

चूरू जिला पुलिस ने शनिवार अल सुबह ऑपरेशन वज्र प्रहार के तहत एरिया डोमिनेंस की कार्रवाई कर 46 सक्रिय अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में 36 किलोग्राम डोडा पोस्त, 400 ग्राम अफीम, एक देशी पिस्टल मय 6 जिंदा कारतूस व अवैध शराब भी जब्त की गई।

एसपी जय यादव के निर्देशन में चलाए गए इस ऑपरेशन से अपराधियों को संदेश दिया गया है कि या तो वे अपराध छोड़ दें या चूरू छोड़ दें। जिले में आपराधिक गतिविधियों में लिप्त बदमाशों की धर पकड़ के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र दादरवाल, किशोरी लाल एवं दिनेश कुमार के सुपरविजन एवं जिले के समस्त सीओ के नेतृत्व में पिछले कुछ समय से इसकी तैयारी की जा रही थी। शनिवार को विशेष अभियान के लिए 160 से अधिक पुलिस अधिकारी व जवानों की 36 टीम तैयार कर एक साथ अपराधियों के 194 ठिकानों पर दबिश दी गई। इस कार्रवाई में कुल 90 व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। जिसमें से 46 को विभिन्न प्रकरण व इंसदादी कार्रवाई में गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई में 53 हिस्ट्रीशीटर को चैक कर तीन को गिरफ्तार व 7 को पाबंद किया गया।

पांच हार्डकोर अपराधी चैक किए गए। 6 वारंटी के साथ एनडीपीएस की दो कार्रवाई व आबकारी की चार कार्रवाइयों में चार-चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अपराधिक घटनाओं में लिप्त कुल 46 सक्रिय बदमाश गिरफ्तार किए गए हैं।

पूर्व सीएम वसुंधरा ने साधा निशाना

भाजपा में है आमजन की भलाई की सोच और कांग्रेस रखती है कमाई की

बेधड़क | जयपुर

पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने कहा है कि भाजपा दिन-रात आमजन के भलाई के बारे में सोचती है वहीं कांग्रेस लोगों से कमाई की सोच रखती है। राजस्थान में पूर्व कांग्रेस सरकार ने भ्रष्टाचार में रिकार्ड कायम किया है।

वे शनिवार को बारां-झालावाड़ से भाजपा प्रत्याशी दुष्यंत सिंह के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित कर रहीं थी। उन्होंने देवरी, समरानिया, नाहरगढ़ और किशनगंज में आयोजित सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान पूर्व सीएम राजे ने कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री रहते हुए लोगों का जितना प्यार और आशीर्वाद मिला, उतना ही आज भी मिल रहा है। इसे पाकर मैं अभिभूत हूं और यही मेरी सबसे बड़ी ताकत है।

उन्होंने कहा कि इन चुनावों में भाजपा को ऐतिहासिक सफलता मिलेगी और नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। राजे ने कहा कि आज कल दो तरह के व्यक्ति चुनाव लड़ते हैं।

एक वे जो लोगों की भलाई और सेवा के लिए काम करते हैं और दूसरे वे जो खुद की भलाई और खुद की ही सेवा के बारे में सोचते हैं। अब आपको तय करना है कमाई करने वालों को जिताना है या भलाई करने वाले को।

कांग्रेस ने भ्रष्टाचार में रिकॉर्ड बनाए

भाजपा प्रत्याशी दुष्यंत सिंह के समर्थन में आयोजित चुनावी सभाओं में पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने पूर्व कांग्रेस सरकार पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भ्रष्टाचार में रिकॉर्ड कायम किए हैं। प्रदेश में पेपरलीक हो या जल योजनाओं में घोटाला, हर जगह भ्रष्टाचार पर चरम पर था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लोगों को भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के अलावा कुछ नहीं दिया। बेराजगार युवाओं के सपनों को चकनाचूर करने में कांग्रेस ने कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी पर निशाना साधते हुए कहा कि यहां से ऐसे लोग चुनाव लड़ रहे है, जिन्होंने पूरे राजस्थान में भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बनाया है। लोगों का खून चूसने वाले अब वोट मांग रहे हैं।

यह लोकसभा चुनाव भारत की आस्था और सम्मान का

पूर्व सीएम राजे ने कहा कि यह चुनाव सिर्फ बारां-झालावाड़ लोकसभा क्षेत्र का ही नहीं है बल्कि यह चुनाव है देश के विकास का, भारत की आस्था का है। जिस आस्था का सम्मान कर पीएम मोदी ने राम मंदिर निर्माण की राह आसान की। आज असंख्य देशवासी अयोध्या में रामलला के दर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज पीएम मोदी के प्रयासों से भारत विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अब वह दिन दूर नहीं, जब नरेंद्र मोदी तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेंगे और भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। इस दौरान विधायक ललित मीणा, जिलाध्यक्ष नंदलाल सुमन, नरेश सिकरवार, पारस जैन और मनोज चौधरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नवरात्रि

षष्ठी देवी मां कात्यायनी

चैत्र नवरात्रि के छठे दिन मां दुर्गा के छठे स्वरूप देवी कात्यायनी की पूजा की जाती है। मां का स्वरूप चमकीला और तेजमय है। उनकी चार भुजाएं हैं। दाईं तरफ का ऊपर वाला हाथ अभयमुद्रा में रहता है। वहीं, नीचे वाला वर मुद्रा में है। मां बाईं तरफ के ऊपर वाले हाथ में तलवार धारण करती हैं व नीचे वाले हाथ में कमल का फूल सुशोभित रहता है। मां कात्यायनी को पूजन में शहद का भोग लगाया जाता है। इससे मां प्रसन्न होती है। इनकी पूजा करने से भक्तों को आसानी से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

गोविंद वाणी चौपई साहिब के 8000 पाठ

जयपुर। खालसा साजना दिवस के तहत सुखमनी सेवा सोसायटी बनी पार्क के पाठ ग्रुप 'अपणी मेहर कर' के सदस्यों ने मिलकर गुरु गोविंद सिंह जी की बाणी चौपई साहिब के 8000 पाठ किए। सोसायटी सेक्रेटरी सूर्य उदय सिंह ने सरबत के भले की अरदास की। वहीं, सोसायटी प्रेसिडेंट पिंकी सिंह ने कामना की कि सभी गुरु गोविंद सिंहजी के बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित हों। वैशाखी पर्व का धार्मिक महत्व है कि इस दिन सिक्खों के 10वें गुरु गोविंद सिंहजी ने सन् 1699 में आनंदपुर साहिब में खालसा पंथ की स्थापना की थी। उन्होंने सर्वप्रथम 5 प्यारों को अमृतपान करा कर खालसा बनाया। उन 5 प्यारों के हाथों से स्वयं भी अमृतपान किया। गुरु गोविंद सिंहजी ने ही दो नारे दिए हैं 'जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' और 'वाहेगुरु जी का खालसा-वाहेगुरु जी की फतह'। ये नारे सिख धर्म की पहचान हैं।

पर्दाफाश: 14 दिन में 700 CCTV खंगाले, चार हजार किमी पीछा कर पकड़ी गैंग

फर्जी पुलिस बनकर दंपती लूटता था महिलाओं से सोना

बेधड़क | जयपुर

राजधानी की पुलिस ने फर्जी पुलिस बन महिलाओं से सोना लूटने वाली गैंग का पर्दाफाश किया है। महिलाओं से सोना लूटने वाली ईरानी गैंग को पकड़ने के लिए जवाहर नगर थाना पुलिस ने 700 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगाले और चार हजार किमी तक का सफर किया।

पुलिस आयुक्त बीजू जार्ज जोसेफ ने बताया कि जवाहर नगर थाना पुलिस की टीम ने 14 दिन में चार हजार किलोमीटर पीछा कर गैंग के सरगना और उसकी पत्नी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से तीन गाड़ियां, पांच मोबाइल, नकली गहने और फर्जी पुलिस आईडी के साथ ही अलग-अलग आधार कार्ड बरामद किए है। गैंग में शामिल अन्य फरार बदमाशों की तलाश की जा रही है।

वारदात के बाद पत्नी संग निकल जाता था आरोपी

पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी अपनी गैंग के साथ मिलकर कुछ मिनटों में ही गहने लूटकर फरार हो जाता था। गहने लूटने के बाद पत्नी के साथ कार में बैठकर निकलने पर नाकाबंदी में पुलिस को उस पर शक नहीं होता था।

ऐसे पहुंची ईरानी गैंग तक पुलिस

पुलिस उपायुक्त पूर्व कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि अंतरराज्यीय ईरानी गैंग के सरगना साजिद उर्फ सिकंदर (36) पुत्र हैदर उर्फ सखी और उसकी पत्नी जेहरी कनीज (32) निवासी पुरानी पाडा भिवंडी, जिला ठाणे (महाराष्ट्र) को गिरफ्तार किया गया है। साजिद उर्फ सिकंदर ने अपनी गैंग के बदमाशों के साथ मिलकर जयपुर में 27 मार्च को श्याम नगर, मानसरोवर इलाके और 29 मार्च को जवाहर नगर, आदर्श नगर, मोती डूंगरी और अशोक नगर इलाके में लूट की वारदात की थी। बदमाशों को पकड़ने के लिए डीसीपी (ईस्ट) कावेन्द्र सिंह सागर के सुपरविजन में जवाहर नगर थानाधिकारी दौलतराम गुर्जर और डीएसटी (ईस्ट) के इंस्पेक्टर लक्ष्मीनारायण के नेतृत्व में टीम गठित की। टीम ने पड़ोसी राज्यों से कॉन्टैक्ट किया। इस दौरान दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्रप्रदेश आदि जगहों पर ईरानी गैंग के सोना लूटने की जानकारी मिली। वारदातस्थलों से लेकर ईरानी गैंग के आने-जाने के रूट को लेकर सीसीटीवी फुटेजों को खंगालती हुई पुलिस टीम ईरानी गैंग के सरगना के जगतपुरा स्थित किराए के फ्लैट पर जा पहुंची। इससे पहले ही सरगना अपनी पत्नी और गैंग के बदमाशों के साथ गाड़ी लेकर निकल चुका था।

दो सप्ताह तक किया पीछा

डीसीपी ने बताया कि पुलिस टीमों ने ईरानी गैंग के सरगना का पीछा करना शुरू किया। इस दौरान पुलिस से बचने के लिए आरोपी ज्यादा समय तक एक ही स्थान पर नहीं रुकता था। महाराष्ट्र, मुंबई, ईरानी पाडा भिवंडी, मध्यप्रदेश, गुजरात आदि जगहों पर लगातार पीछा करते हुए पुलिस टीम आरोपी के ठिकाने तक पहुंच गई। आखिरकार पुलिस टीम ने सरगना साजिद उर्फ सिकंदर और उसकी पत्नी जेहरी कनीज को गिरफ्तार कर लिया।

शहर को सुंदर बनाने के लिए हेरिटेज नगर निगम मिशन मोड पर

जागरूकता, मॉनिटरिंग... मोटिवेशन होगा सफाई में नंबर 1 बनने का मंत्र

बेधड़क | जयपुर

राजधानी को स्वच्छ करने के क्रम में इस बार हेरिटेज नगर निगम मिशन मोड पर जुट गया है। इसके लिए हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा विभिन्न गतिविधियों के साथ मिशन मोड पर जुट गए है।

आयुक्त अभिषेक सुराणा के नेतृत्व में वार्ड वार स्वच्छ प्रहरी (प्रभारी अधिकारी) शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में जुट गए है। वहीं, आयुक्त अभिषेक सुराणा भी प्रत्येक वार्ड में जाकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे हैं। साथ ही स्वच्छता के प्रहरियों का हौंसला भी बढ़ा रहे हैं। आमजन की सहभागिता को बढ़ाने के लिए निगम की ओर से कई जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं।

निगम आयुक्त सुराणा उतरे फील्ड में, कर्मचारियों को दिया जा रहा टास्क

ओपन कचरा डिपो हटाने को लेकर हेरिटेज नगर निगम प्रतिबद्ध

इस संबध में हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि गुलाबी नगरी के नाम से मशहूर हमारा शहर स्वच्छ बना रहे, इसे लेकर पूरी हेरिटेज निगम टीम मुस्तेदी से काम में जुट गई है। निगम के कर्मचारियों को टास्क दिया जा रहा है। सबसे पहले हम शहर को ओपन डिपो मुक्त करने में लगे हुए है। कई जगहों से डिपो को हटाया जा चुका है। आमजन से समझाइश की जा रही है कि वे दो डस्टबिन में गीला और सूखा कचरा अलग अलग रखें। निगम के हूपर में ही कचरा डालें। इसे लेकर हमने अभियान भी चला रखा है। लोगों से निगम को भरपूर सहयोग भी मिल रहा है।

दुकानदारों से की समझाइश, सिंगल यूज प्लास्टिक को कहें ना

इसी क्रम में आयुक्त सुराणा सुबह सात बजे से ही सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे हैं। इस दौरान आयुक्त ने सभी दुकानदारों से दो डस्टबिन रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि जयपुर को स्वच्छ बनाए रखने की हम सबकी जिम्मेदारी है। व्यापारी वर्ग को साथ कर ही हम इसमें सफल हो सकते है। वे अपनी दुकानों के आगे दो डस्टबिन रखें और आमजन को भी कचरा डस्टबिन में ही रखने के लिए प्रेरित करें। वहीं, उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग नहीं करने की अपील की। मंडी में मौजूद आमजन से भी उन्होंने घर से ही कपड़े का थैला लेकर आने की अपील की।

निगम ये चला रहा अभियान

- शहर की सड़के स्वच्छ रहें, इसके लिए आयुक्त अभिषेक सुराणा प्रतिदिन वार्डो में घूमकर सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण कर रहे हैं।
- प्रत्येक वार्ड की सफाई व्यवस्था के लिए वार्ड प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए है।
- जोन उपायुक्त एवं अधिशाषि अभियंता भी सुबह सात बजे फील्ड में रहते हैं।
- वार्ड में मौजूद सफाई कर्मचारियों को हाजिरी रजिस्टर चेक करते हैं।
- प्रत्येक गली में सफाई व्यवस्था के साथ ही सामुदायिक शौचालय की सफाई का भी निरीक्षण किया जा रहा है।
- लोकसभा चुनावों के मद्देनजर आमजन को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक भी किया जा रहा है।
- आधुनिक मशीनों के जरिए भी मैकेनीज तरीके से सफाई की जा रही है।
- मुख्य बाजारों में रात्रि कालीन सफाई एवं मेकेनाइज स्वीपिंग भी करवाई जा रही है।
- हेरिटेज निगम क्षेत्र में आने वाले ऐतिहासिक स्थलों पर विशेष अभियान चलाकर सफाई की जा रही है।
- ओपन कचरा डिपो पूर्णतया हटे, इसके लिए वहां पर सफाई कर रंगोली बनाई जा रही है। प्लांटेशन किया जा रहा है, साथ ही गार्ड भी बिठाया जा रहा है।

जयपुर विकास प्राधिकरण की कार्रवाई

13 बीघा सरकारी जमीन पर रहे अवैध निर्माण किए ध्वस्त

बेधड़क | जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन शाखा ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते 13 बीघा में बन रहे अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया है। वहीं, जोन - 10 में नियमों के विरुद्ध किए बनाए जा रहे आवासीय प्रोजेक्ट को रोकने का नोटिस जारी किया।

इस संबंध में जेडीए के प्रवर्तन शाखा के मुख्य नियंत्रक महेन्द्र शर्मा ने बताया कि जोन-13 में गैर अनुमोदित योजना कमला सिटी मार्केट दिल्ली रोड़ पर जेडीए की बिना अनुमति और स्वीकृति के बने बेसमैंट के साथ ही चार मंजिला अवैध बिल्डिंग को सील किया।

वहीं, निजी खातेदारी करीब पांच बीघा कृषि जमीन पर बन रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया गया। जोन दो में मल्हौत्रा नगर में जेडीए नक्षे के विपरीत पार्किंग क्षेत्र में किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। साथ ही जोन-12 में निजी खातेदारी करीब 8 बीघा कृषि भूमि पर बन रही 3 अवैध कॉलोनियों के निर्माण कार्य को ध्वस्त किया है। साथ ही टीम ने खसरा नं. 420, 423 में करीब चार बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि से अवैध निर्माण को हटाया। जोन-12 के बिन्दायिका भूता वाली ढ़ाणी में करीब चार बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर इंदिरा विहार सी और मारूती वाटिका के नाम से बसाई जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया। जोन-10 में खसरा नम्बर 42, 44/1 ग्राम टोडीरमजानीपुरा तहसील सांगानेर मे निर्मित आवासीय प्रोजेक्ट फैलिसिटी रूगटास अवेंचुरा में नियम विरुद्ध निर्माण का नोटिस जारी किया गया है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

रामनवमी महोत्सव की हवन से होगी पूर्णाहुति

राम जन्म पर गरजेंगी 21 तोपें

बेधड़क | जयपुर

श्री वैष्णव पीठ उत्तर तोदाद्रि श्री गलताजी में गलतापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य महाराज के सान्निध्य में 17 मार्च को राम नवमी पर रामनवमी महोत्सव मनाया जाएगा। समारोह में 500 वर्ष से भी अधिक प्राचीन रामलला के चतुर्भुज विग्रह की सुबह श्री गलता पीठ से श्रीनिवास के बालाजी तक विधि-विधान से शोभायात्रा निकाली जाएगी। यहां भगवान की आरती की जाएगी। इसके बाद शोभायात्रा पुनः श्री गलता पीठ पहुंचेगी। दोपहर 12 बजे भगवान श्री राम का 21 तोपों की गर्जनाओं के साथ जन्म होगा।

इसके बाद गलतापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य एवं युवराज स्वामी राघवेन्द्र द्वारा श्री गलता में विराजमान भगवान श्री राम के अतिप्राचीन एवं दिव्य विग्रहों का विद्वानों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ फलों, फलों के रसों, पंचामृत, सर्व औषधि, पंचमेवों, समस्त द्रव्यों, सहस्त्रधारा, शंख-चक्र आदि से तिरुमंजन अभिषेक किया जाएगा। इसके पश्चात भगवान का आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। इसके पश्चात भगवान की सामूहिक महाआरती की जाएगी।

आकाशवाणी से की मतदान की अपील

QR कोड के जरिए ट्रैक होंगे मतदाता

बेधड़क | जयपुर

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश की जागरूक जनता लोकसभा चुनाव में मतदान का नया रिकॉर्ड बनाएगी। आकाशवाणी से सजीव प्रसारित विशेष फोन-इन कार्यक्रम में गुप्ता ने कहा कि राज्य का मतदाता गर्मी और विवाह समारोहों के बावजूद लोकतंत्र के उत्सव में भागीदारी सुनिश्चित करेगा।

प्रदेश में इस बार पिछले आम चुनाव की तुलना में 45 लाख से अधिक मतदाताओं की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि चुनाव में 17 लाख से अधिक 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे मतदाता हैं जो पहली बार मत का प्रयोग करेंगे। उन्होंने युवाओं से सुबह के वक्त ही अपने मताधिकार का उपयोग करने और पहली बार वोट डालने वालों को निर्वाचन विभाग का प्रमाण-पत्र लेने के लिए प्रेरित किया।

आकाशवाणी जयपुर, स्टूडियो परिसर

इस बार के चुनाव में निर्वाचन विभाग ने नवाचार करते हुए शहरी क्षेत्रों में मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की संख्या क्यूआर कोड के जरिए ट्रैक करने की व्यवस्था की है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कार्यक्रम के जरिए मतदाताओं से बढ़-चढ़ कर वोट डालने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान गुप्ता ने श्रोताओं द्वारा मतदान से जुड़े पूछे गए सवालों के जवाब दिए। उन्होंने आकाशवाणी केंद्र जयपुर के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मतदान जागरूकता संबंधी बातचीत बातचीत भी की।

आचार्य वसुनंदी मुनिराज ससंघ का मंगल प्रवेश

तिजारा अधिवेशन में राजस्थान से पहुंचेंगे तीन सौ से ज्यादा प्रतिनिधि

बेधड़क | जयपुर

अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान का सप्तम राष्ट्रीय अधिवेशन श्री चंद्र प्रभु अतिशय क्षेत्र देहरा तिजारा के प्रांगण में स्थित चन्द्रगिरि वाटिका में आचार्य वसुनंदी महामुनिराज ससंघ के सानिध्य में 15 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। आचार्य का ससंघ शनिवार को भव्य मंगल प्रवेश हुआ, जहां भक्त जनों ने जयकारों के साथ उनका स्वागत किया। प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला के अनुसार यह धर्म जागृति संस्थान 'धर्म बचाओ धर्म सिखाओ' के उद्देश्य को लेकर संत, पंथ, जाति, वर्ण वाद को भूल कर देव शास्त्र गुरु भक्तों की राष्ट्रीय स्तर की एक सेवा भावी संस्था है। इसका गठन आचार्य वसुनंदी महामुनिराज के मार्गदर्शन में 2015 में हुआ था। अधिवेशन में अकेले राजस्थान प्रान्त व इसकी शाखाओं से तीन सौ से अधिक प्रतिनिधि सहभागिता करेंगे। धर्म जागृति संस्थान के राष्ट्रीय महामंत्री इंजीनियर भूपेंद्र जैन दिल्ली ने बताया कि अधिवेशन प्रातः 9 बजे से दो सत्रों में आयोजित होगा। प्रथम सत्र में आचार्य के उद्बोधन के साथ साथ खुला सत्र भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें धर्म जागृति संस्थान की प्रगति हेतु अपने विचार रखने की स्वतंत्रता होगी। द्वितीय सत्र सम्मान समारोह के साथ समापन होगा, जिसमें कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय प्रचार मंत्री संजय जैन बड़जात्या ने बताया कि आयोजन की तैयारियों को आचार्य के मार्गदर्शन में अंतिम रूप दिया जा रहा है।

अजितनाथ का मोक्ष कल्याणक मनाया

जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर में शनिवार को भगवान के श्री चरणों में अपने समस्त दुखों की निवृत्ति के लिए अर्थात निर्वाण की भावना के साथ तीर्थंकर भगवान अजित नाथ के मोक्ष कल्याण पर निर्वाण लाडू समर्पित किया गया। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि भगवान अजितनाथ जैन धर्म के 24 तीर्थंकरों में से वर्तमान अवसर्पिणी काल के द्वितीय तीर्थंकर है। मन्दिर में अभिषेक वृहत शांतिधारा व पूजन के बाद निर्वाण काण्ड का वाचन किया गया तथा इसके बाद भगवान के मोक्ष कल्याण का अर्घ बोलते हुए जयकारों के साथ निर्वाण लाडु मय श्रीफल व दीपक के उपस्थित श्रावकों द्वारा चढ़ाया गया।

राजस्थान बेधड़क

जरूरी खबर

सेंट मैरी चर्च में भीषण आग, कड़ी मशक्कत से काबू

अजमेर। शहर के पाल बिचला क्षेत्र में स्थित सेंट मैरी चर्च में शनिवार दोपहर को भीषण आग लग गई। आग की लपटें देख क्षेत्र में हड़कंप मच गया। अग्निशमन विभाग की 10 से ज्यादा गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। चर्च में आग की सूचना पर नगर निगम कमिश्नर, एसडीम सहित निगम के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और हालातों को जायजा लिया गया। आग चर्च में चल रहे वाटर प्रूफिंग के काम के दौरान लगी थी।

दूसरे दिन भी रुक-रुककर ब्लास्ट होते रहे सिलेंडर

अजमेर। शहर के विमला मार्केट में शुक्रवार सुबह लगी भीषण आग दूसरे दिन शनिवार को भी शांत नहीं हुई। हालांकि दमकल कर्मचारी लगातार आग पर काबू पाने के प्रयास में जुटे रहे, लेकिन 24 घंटे बाद भी आग पर काबू नहीं पाया गया। शनिवार शाम तक दमकल की गाड़ियां 200 से ज्यादा चक्कर लगा चुकी थी। मौके पर एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के फायर फाइटर्स मौजूद रहे जो आग पर काबू पाने में जुटे रहे। उधर, दूसरे दिन भी बेसमेंट में रखे गैस सिलेंडर रुक-रुक कर ब्लास्ट होते रहे। धुएं के कारण दमकलकर्मी बेसमेंट में नहीं पहुंच पा रहे थे, इससे आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही थी। दो दिन से बाजार पूरी तरह से बंद रहा, जिससे दुकानदारों को काफी नुकसान हुआ है।

ACP सुरेंद्र सिंह ने संवेदनशील बूथों का किया निरीक्षण

चाकसू। लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए शनिवार को एसीपी सुरेंद्र सिंह ने शिवदासपुरा थाना प्रभारी रणजीत सिंह के साथ आधा दर्जन संवेदनशील बूथों का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने हनुमानपुरा स्कूल, रलावता, रामपुर कंवरपुरा, सांभरिया, मुंडली, बाड़ा पदमपुरा आदि बूथ का जायजा लिया और यंहा पर चिह्नित लोगो को पाबंद किया। वहीं शांतिपूर्ण चुनाव के लिए निर्वाचन विभाग और पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। प्रशासन की सवेदनशील व अतिसवेदनशील मतदान केंद्रों पर पैनी नजर है।

जिले के 844 और अनूपगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 122 बूथों पर लगाए जाएंगे कैमरे

पारदर्शी चुनाव के लिए वेबकास्टिंग से रखी जाएगी निगरानी

बेधड़क | बीकानेर

19 अप्रैल को पहले चरण में बीकानेर में लोकसभा चुनाव होना है। निष्पक्ष, पारदर्शी और निर्भीक चुनाव संपादित करने के लिए बीकानेर संसदीय क्षेत्र के 966 मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग के जरिए निगरानी रखी जाएगी।

बीकानेर जिले के 844 और अनूपगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 122 बूथों पर वेब-कास्टिंग की व्यवस्था की गई है। सभी विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न मतदान केंद्रों की कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि ने बताया कि खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र में 110, बीकानेर पश्चिम में 99, बीकानेर पूर्व में 106, कोलायत में 137, लूणकरणसर 119, डूंगरगढ़ में 129, नोखा विधानसभा क्षेत्र में 144 और अनूपगढ़ में 122 मतदान केंद्रों पर वेब कास्टिंग की व्यवस्था की गई है।

इन बूथों पर मतदान प्रक्रिया के दौरान लाइव निगरानी रहेगी। नोखा विधानसभा में सर्वाधिक मतदान केंद्रों पर कैमरे से लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई है। लाइव वेबकास्टिंग किए जाने वाले मतदान केंद्रों को लिंक के माध्यम से विभिन्न स्तरों पर मॉनिटर किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लाइव मॉनिटर का एक लिंक रिटर्निंग अधिकारी के पास उपलब्ध होगा।

एक लिंक सीईओ राजस्थान को भी उपलब्ध करवाया जाएगा, जहां से भी सभी गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी।

इन जगहों पर रख रहे विशेष नजर

जिला निर्वाचन अधिकारी वृष्णि ने बताया कि मतदाता निर्भीक होकर मतदान कर सकें, इसके लिए वल्नरेबल हेमलेट वाले स्थानों पर विशेष नजर रखी जा रही है। साथ ही एसएसटी और सेक्टर अधिकारियों की ओर से भी इन क्षेत्रों में विशेष रूप से सक्रिय किया गया है। माइक्रो आब्जर्वर भी ऐसे बूथ के संबंध में सूचनाएं उपलब्ध करवाएंगे। कोई भी व्यक्ति मतदाताओं को प्रभावित करने, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन व चुनाव प्रकिया में जुड़ी अन्य शिकायत सी विजिल एप पर कर सकता है।

शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर जारी

शिकायत व सुझाव के लिए टोल फ्री नंबर 1950 का उपयोग किया जा सकेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि कानून व्यवस्था का उल्लंघन करते पाए जाने पर किसी भी व्यक्ति के साथ रियायत नहीं बरती जाएगी। प्रत्येक मतदाता बिना किसी दबाव के अपने संवैधानिक अधिकार का प्रयोग कर सके।

धौलपुर की चुनावी सभा में पूर्व सीएम गहलोत ने साधा निशाना

भाजपा संविधान की धज्जियां उड़ा रही, एजेंसियों का दुरुपयोग

बेधड़क | धौलपुर

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को करौली धौलपुर संसदीय क्षेत्र के बसई नवाब कस्बे में कांग्रेस प्रत्याशी भजनलाल जाटव के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। गहलोत ने भाजपा को संविधान व लोकतंत्र के लिए खतरा बताते हुए कहा कि यदि इसी तरह चलता रहा तो यह लोकतंत्र का अंतिम चुनाव हो सकता है।

पीएम नरेंद्र मोदी का जो रवैया चल रहा है। उसके अनुसार देश में शायद ही चुनाव हो। डॉ भीमराव अंबेडकर के संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। ईडी, इनकम टैक्स एवं सीबीआई का दुरुपयोग किया जा रहा है। देश में पाकिस्तान जैसे हालात बनते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने संविधान को बचाया। इसी वजह से नरेंद्र मोदी आज प्रधानमंत्री बने बैठे हैं। उन्होंने कहा आज भाजपा कांग्रेस को कोसती है, लेकिन इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान के दो टुकड़े करवाए। इंदिरा गांधी ने अपने बलबूते पर खालिस्तान नहीं बनने दिया। इंदिरा गांधी की हत्या हो गई, जबकि भाजपा के लोगों ने देश के लिए उंगली भी नहीं कटवाई। पूर्व सीएम गहलोत ने पीएम मोदी और अमित शाह पर देश में चुनी हुई सरकार गिराने का खेल खेलने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी सरकार को भी गिराने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने पांच साल तक उनकी छाती पर मूंग दलकर शासन किया।

आजादी के बाद कांग्रेस ने विकास को बढ़ाया

पूर्व सीएम गहलोत ने कहा कि आजादी के बाद देश में विकास की आधारशिला सिर्फ कांग्रेस पार्टी ने रखी है। देश में आज सब कुछ कांग्रेस की देन है। उसके बावजूद भाजपा कांग्रेस पर आरोप लगाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कभी भी काम की बात नहीं करते, सिर्फ खुद के मन की बात करते हैं। प्रधानमंत्री को काम की बात भी करनी चाहिए। देश के अंदर सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी है, लेकिन उसकी बात नहीं करते हैं। गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के अधिकांश वादे झूठे निकले। उन्होंने युवाओं को प्रति वर्ष 2 करोड़ नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन वह सरासर झूठ निकला। 10 साल के अंदर 20 करोड़ नौकरियां होती है, लेकिन प्रधानमंत्री 50 लाख युवाओं को भी रोजगार नहीं दे सके।

काले कानून ने ली किसानों की जान

पूर्व सीएम ने कहा कि जब मोदी गुजरात में सीएम थे, तब एमएसपी कानून बनाने की बात करते थे, लेकिन कानून बनाना तो दूर की बात रही करीब 700 किसानों ने आत्महत्या कर ली और केंद्र सरकार ने उनकी सुध नहीं ली है। काले कानून के विरोध में किसान मारे गए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपना घोषणा पत्र जारी किया है, जिसमें युवा, किसान, महिला सभी को न्याय, रोजगार आदि की गारंटी दी गई है। इसके अलावा कांग्रेस ने किसानों के लिए खेती को जीएसटी से मुक्त रखने का वादा किया है। उदयपुर के कन्हैया लाल हत्याकांड की घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मैं खुद वहां चलकर गया था। परिवार और बच्चों को 50 लाख का पैकेज दिया था। सरकारी नौकरी की व्यवस्था कराई थी। हत्याकांड के 2 घंटे बाद आरोपियों को भी पकड़ लिया गया, लेकिन बीजेपी के नेताओं ने कन्हैया हत्याकांड को लेकर पूरे देश में कांग्रेस को बदनाम किया।

---

36 घंटे चला ऑपरेशन निर्भय

1200 जवानों ने 1000 ठिकानों पर दबिश देकर 741 अपराधियों को दबोचा

बेधड़क | भरतपुर

संभाग में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए रेंज पुलिस ने 36 घंटे का विशेष अभियान ऑपरेशन निर्भय संचालित किया। इसके तहत पैरामिलिट्री फोर्स और पुलिस के 1200 जवानों ने रेंज में 36 घंटे में 1000 स्थानों पर दबिश देकर 741 अपराधियों को दबोचा। साथ ही आर्म्स एक्ट में कार्रवाई कर अवैध हथियार भी बरामद किए।

भरतपुर रेंज के आईजी राहुल प्रकाश ने बताया कि ऑपरेशन निर्भय अभियान 16 फरवरी से चलाया जा रहा है। इसी के तहत बीते 36 घंटे ऑपरेशन निर्भय विशेष अभियान चलाया गया। आईजी राहुल प्रकाश ने बताया कि 36 घंटे की कार्रवाई में 741 वांछित, वांटेड, हार्डकोर आदि अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही आर्म्स एक्ट में 13 मामले दर्ज कर 13 अवैध हथियार बरामद किए हैं। इसके अलावा एनडीपीसी एक्ट में भी एक कार्रवाई की गई, जबकि अवैध शराब के खिलाफ 34 मामले दर्ज कर 33 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। अवैध खनन के खिलाफ 3 मामले दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार व 16 टन अवैध खनन सामग्री जब्त की। आईजी ने बताया कि ऑपरेशन निर्भय में 16 फरवरी से अब तक कुल 1500 (स्टैंडिंग वारंटी) से ज्यादा अपराधी गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जो कि 15 हजार पेंडिंग स्टैंडिंग वारंटी का करीब 10 फीसदी हैं। संभाग में लाइसेंसी हथियार धारकों में से करीब 95 फीसदी का डिस्पोजल हो चुका है, ये पुलिस मालखाने में हथियार जमा कराए चुके हैं। साथ ही 20 हजार लोगों को विभिन्न धाराओं में पाबंद किया जा चुका है। राहुल प्रकाश ने बताया कि ऑपरेशन निर्भय का उद्देश्य पूरे संभाग में निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराना है। लोग निडर होकर मतदान कर सकें। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

नवरात्र अनुष्ठान में शामिल होकर की पूजा-अर्चना

देवनानी ने किए माता भटियाणी के दर्शन

बेधड़क | बालोतरा

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी शनिवार को एक दिवसीय यात्रा पर बालोतरा पहुंचे। यहां उन्होंने जसोल स्थित माता राणी भटियाणी मंदिर के दर्शन किए।

चैत्र नवरात्र को लेकर मंदिर में आयोजित हो रहे धार्मिक अनुष्ठान में देवनानी ने शामिल होकर पूजा-अर्चना कर सर्वमंगल को लेकर आहुति दी। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न मंदिरों में दर्शन किए। उन्होंने माता राणी भटियाणी के दर्शन-पूजन कर देश एवं प्रदेश में खुशहाली की कामना की। देवनानी के जसोलधाम पहुंचने पर श्रीराणी भटियाणी मंदिर संस्थान की ओर से समिति सदस्य हरिश्चंद्रसिंह जसोल ने स्वागत किया। वहीं चैत्र नवरात्रि पर्व पर जसोलधाम में आयोजित हो रहे धार्मिक अनुष्ठान में विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने माता राणी भटियाणी की पूजा-अर्चना कर सर्वमंगल की कामना से यज्ञ में आहुति दी। साथ ही उन्होंने बायोसा, लालबन्नासा, सवाईसिंहजी, खेतलाजी व भेरों बाबा मंदिर में भी में दर्शन किए।

देवनानी ने इस दौरान कहा कि मां के चरणों में पहली बार आने का मौका मिला है। आज जसोलधाम पहुंच मां की वंदना की है। मां सबके कष्टों को दूर कर जीवन में खुशियां देती है। उन्होंने कहा कि पहली बार इस पवित्र धाम पर आया हूं। उन्होंने कहा कि इस मन्दिर की भव्यता व सुंदरता मन को मोहित कर रही है।

यहां जो विकास कार्य हुए हैं, जिसका लाभ लाखों श्रद्धालुओं को मिल रहा है। इस दौरान देवनानी ने गाजियाबाद के दूधेश्वर नाथ महादेव मंदिर के महंत नारायण गिरी से आशीर्वाद लिया। मन्दिर कमेटी ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किया।

लोकतंत्र बचाओ आंदोलन समिति का धार्मिक उन्माद को रोकने की कवायद

BJP के खिलाफ चलेगा जागरूकता अभियान

बेधड़क | कोटा

लोकतंत्र बचाओ आंदोलन समिति ने भारतीय जनता पार्टी के विरोध की घोषणा की है। कोटा में मीडिया से बातचीत करते हुए समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने संविधान और लोकतंत्र पर एक अलग तरह का खतरा खड़ा कर दिया है। इसीलिए वह भाजपा के खिलाफ जन जागरण अभियान चलाएंगे और कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के खिलाफ काम करेंगे।

मंच के अध्यक्ष अजय चतुर्वेदी ने कहा कि कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्र में भी समिति बीजेपी का विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि हम कमर कसके तैयार हैं, हमें ऐसा लगता है कि ऐसा प्रभाव और धार्मिक उन्माद हो गया है कि अन्य सब घटनाओ को भूल चुके हैं। राम मंदिर इस तरह से हावी हो गया है कि देश की समस्याएं छिप गई हैं और नागरिकों की स्वतंत्रता खत्म हो चुकी है। उन्हें जागरूक करना हमारा उद्देश्य है। चतुर्वेदी ने कहा कि हमारा लोकतंत्र बचाओ आंदोलन राजनीतिक मंच नहीं है। हम लोकतंत्र को बचाने के लिए ठोस कार्यक्रम बनाकर लोगों के बीच जा रहे हैं। इस मौके पर साहित्यकार महेंद्र नेह, कर्मचारी नेता ईश्वर सिंह, संयोजक यशवंत सिंह संयोजक, रूपेश चड्ढा, रिजवान खान, ओम कटारा सहित कई लोग मौजूद रहे। आंदोलन समिति के दुलीचंद बोरदा का कहना है कि किसानों की आत्महत्या भारतीय जनता पार्टी के शासन कार्यकाल में लगातार बढ़ी है। उसका कारण यह है कि इन्होंने भारतीय जनता पार्टी के आने के बाद जो नीतियां अपनाई है, उनसे किसान और ज्यादा बर्बाद हो गया है। भाजपा ने केंद्र में सरकार आने के पहले ही नरेंद्र मोदी ने कहा था कि जब तक स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक समर्थन मूल्य नहीं मिलेगा, तब तक किसानों की आत्महत्या नहीं रुकेगी। जबकि 2014 से लेकर 2022 तक 1 लाख किसानों में आत्महत्या की है, लेकिन बीते 2 सालों तक कोई आंकड़े प्रकाशित नहीं किया है।

सुजानगढ़ के कई गांवों में किया जनसंपर्क

हम भारत को सैकड़ों वर्ष आगे ले जाने के लिए कर रहे संघर्ष: झाझड़िया

बेधड़क | चूरू

भाजपा प्रत्याशी देवेन्द्र झाझड़िया ने कहा है कि प्रधानमंत्री के इस बार 400 पार के लक्ष्य को हासिल के लिए भाजपा का शीर्ष नेतृत्व रणनीति को अमलीजामा पहना रहा है। 2024 लोकसभा का चुनाव हम भारत को सैकड़ों वर्ष आगे ले जाने के लिए लड़ रहे हैं।

यह चुनाव विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा देगा, इसलिए सभी कार्यकर्ता और बूथ पर कमल खिलाएं और अपने-अपने बूथ पर जनता के बीच में जाकर पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यकाल की उपलब्धियां बताएं। उन्होंने कहा कि भाजपा के सभी कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने में जुटे हुए हैं। देवेन्द्र झाझड़िया आज सुजानगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में जनसंपर्क के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं और ग्रामवासियों को सम्बोधित कर रहे थे। झाझड़िया ने कहा कि कार्यकर्ता अपने बूथ पर सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से लगातार संपर्क में रहे और जिन-जिन को सरकारी योजनाओं व पारदर्शी नीतियों का लाभ मिला है, उनको पार्टी की विचारधारा से अवगत करवाएं और अन्य योजनाओं की जानकारी देकर उनको और भी लाभान्वित करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि कि प्रत्येक बूथ पर पिछले चुनावों में मिली हार की भी समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा चुनाव प्रचार पूरे जोरों पर है। सभी मिलकर कमल के फूल चुनाव निशान को जिताने के लिए जुट जाएं। पीएम मोदी सरकार ने हर वर्ग के कल्याण को पंख दिए हैं। पीएम मोदी का विजन देश को दुनिया में सिरमौर बनाना है।

पीएम मोदी के नेतृत्व में हुआ अभूतपूर्व विकास

भाजपा प्रत्याशी झांझड़िया ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश ने अभूतपूर्व तरक्की की है। देश आंतरिक सुरक्षा और बाह्य सुरक्षा के मामले में बहुत मजबूत हुआ है। धारा 370 हटाई गई, अयोध्या में भव्य और दिव्य भगवान राम का मंदिर बना, देश से गरीबी का स्तर कम किया गया, हर गृहिणी का सपना पूरा हुआ, तीन तलाक से महिलाओं को आजादी मिली। आज पूरे देश में अभूतपूर्व सुरक्षा का माहौल लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में किसानों को बहुत लाभ पहुंचाया गया है। किसान समृद्धि योजना के जरिए किसानों के खातों में सीधे पैसा भेजा जाता है। किसानी के उपकरणों पर सब्सिडी दी जा रही है और किसानों को भावांतर भरपाई योजना के तहत लाभ दिया जा रहा है। इसी तरह सरकार ने आढ़ती भाइयों की भावना का सम्मान करते हुए उन्हें भी तमाम सुविधाएं प्रदान की है।

राम मंदिर का सपना हुआ पूरा

झांझड़िया ने कहा कि देश जनता, सनातन के पुजारी 500 साल से यह कहते थे कि राम का मंदिर नहीं बना, लेकिन राम मंदिर का निर्माण पीएम नरेंद्र मोदी ने करवाया। साथ ही देश के संसाधनों पर आम नागरिक को अधिकार देने का काम भी मोदी जी ने किया। इस प्रकार के बदलाव को लाने वाली सरकार आपने 2014 में बनाई थी। अब फिर वक्त आया है कि गरीब का उत्थान करने वाली सरकार बनाएं।

भारत बनेगा सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र झाझड़िया ने कहा कि पहले यह कहा जाता था कि दिल्ली से पैसा चलता था तो 85 पैसे रास्ते में गोल हो जाते हैं, लेकिन आज यह पैसा सीधे जरुरतमंदों के खातों में आते हैं। हमने देश में यह देखा है कि किस तरीके से विकास हुआ है। बड़े-बड़े प्रोजेक्ट्स पर देश में काम चल रहा है। आने वाले पांच वर्ष में हम भारत को सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने वाले हैं। विकसित भारत का सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देखते हैं। उन्होंने कहा कि अब देश में कोई भी क्षेत्र विकास से वंचित नहीं रहेगा। प्रधानमंत्री विकास का चेहरा हैं।

रावत पब्लिक स्कूल में रामनवमी के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ आयोजित

‘राम आएंगे’ नाटक में प्रस्तुतियां दे नन्हे-मुन्नो ने मोहा सबका मन

बेधड़क | जयपुर

नन्हें-मुन्नें बच्चों ने रामदरबार प्रस्तुत किया। वहीं झांकी के मनोरम दृश्य को देख अभिभावकों ने प्रशंसा की। साथ ही स्टूडेंट्स द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत देकर दर्शकों का मन मोह लिया । बच्चों ने राम के चरित्र पर आधारित अनेक प्रस्तुतियां देकर सीख दिलाई। नन्हें विद्यार्थी राम, लक्ष्मण, भरत, शबरी, जटायु के किरदार में अपनी प्रस्तुतियां देते हुए बड़े लुभावने लग रहे थे। विद्यार्थियो के साथ पैरेंट्स ने भी अपनी प्रस्तुतियां दी। मौका था रावत पब्लिक स्कूल, प्रताप नगर के निर्मला ऑडिटोरियम में रामनवमी के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम “ राम आएंगे” का। कार्यक्रम से पूर्व श्री राम की रथयात्रा निकाली गई। निर्मला ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का आरंभ अक्षय पात्र फाउंडेशन के सिद्ध स्वरूप दास द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम में 600 से अधिक विद्यार्थियो ने प्रतिभागियों ने भाग लिया।

रामायण के चरित्रों से नैतिक मूल्यों को कराया परिचित

रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक और अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी के सचिव नरेंद्र सिंह रावत ने सभी विद्यार्थियो और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के भौतिकतावादी युग में रामायण के चरित्रों से विद्यार्थियो को परिचित कराने और उन्हें नैतिक मूल्यों से अवगत कराने के लिए ये आयोजन किया गया है। रावत पब्लिक स्कूल,प्रताप नगर में सदैव ही परंपराओं को पल्लवित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। कार्यक्रम में विजेता रहे विद्यार्थियों को बेस्ट कॉस्ट्यूम के लिए पुरुस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में रावत पब्लिक स्कूल, प्रताप नगर की प्राचार्या मैत्रेयी शुक्ला ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

Yuva स्टोरीज

राजधानी के चार गुरसिख बच्चों का बैसाखी पर्व पर सम्मान आज

Winners
Online Kinder Care Gurmat Quiz- 2024
KBGB

बेधड़क | जयपुर

कौन बनेगा गुरसिख बच्चा संस्था (केबीजीबी) की ओर से खालसा सृजना पर्व-”बैसाखी” ऑनलाइन किंडर केयर गुरमत क्विज -2024 परिणाम जारी किया। क्विज संयोजक सरदार सुरेंद्र सिंह ने बताया कि सही उत्तर देने वालों में से 16 बच्चे रैंडम बेसिस पर विजेता बने। इनमें से 4 बच्चे उदयपुर से चुने गए। इनमें डॉ. जसलीन कौर सलूजा, अनन्या कौर छाबड़ा, देवनूर सिंह अरोड़ा और गुरकीरत सिंह शामिल हैं। वहीं जयपुर संभाग से लक्की विनर बने चारों बच्चों को राजस्थान सिख समाज के प्रधान सरदार अजयपाल सिंह और राज खालसा एड के प्रधान सरदार जसबीर सिंह चावला, बैसाखी पर्व (14 अप्रैल) पर राजापार्क गुरद्वारे में सम्मानित करेंगे। छत्तीसगढ़ की जैजलीन कौर सूरी और गुरप्रीत कौर, अहमदाबाद के गुरकीरत सिंह और जसप्रीत कौर, अंबाला सिटी की किरण कौर, लखनऊ की इशकीरत कौर, श्रीकरणपुर की जसकीरत कौर, भवानी मंडी के इकनूर सिंह और जयपुर के चार बच्चे जसलीन कौर, प्रभलीन कौर, मनजोत सिंह नरूला और अमर खालसा ने न केवल सही उत्तर दिए बल्कि 16 बच्चों में चुने जाने पर भाग्यशाली विजेता भी बने। उन्हे किंडर केयर गुरसिख बच्चा ऑफ इंडिया के अवार्ड निवाजा गया है।

आईसीएआर एआईईईए परीक्षा के आवेदन शुरू

बेधड़क | नई दिल्ली

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा के जरिए पीजी और पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आईसीएआर एआईईईए में पंजीकरण करने की आखिरी तारीख 11 मई है। ईच्छुक प्रवेश लेने के इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वहीं आईसीएआर एआईईईए आवेदन पत्र सुधार विंडो 13 मई को खुलेगी और 15 मई बंद हो जाएगी। आईसीएआर एआईईईए प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले सामान्य, ओबीसी और यूपीएस श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवारों के पास ग्रेजुएशन या पीजी में कम से कम 60 प्रतिशत अंक जबकि एससी, एसटी और पीसी श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवारों के पास 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए।

स्टूडेंट्स ने जलियांवाला बाग के बलिदानियों को किया याद

Happy BaisaKhi

बेधड़क | जयपुर

मुरलीपुरा स्थित एनके पब्लिक स्कूल में कक्षा 8वीं के स्टूडेंट्स के द्वारा शनिवार को बैसाखी पर्व पर आधारित विशेष प्रार्थना सभा हुई। स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉ.एन.सी. लुणायच व निदेशक कुलदीप सिंह के द्वारा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को पूष्पांजलि अर्पित की। स्टूडेंट्स ने 1919 में भारतीय जलियांवाला बाग नरसंहार पर नाटक का मंचन किया । इस प्रबंध निदेशक डॉ. एन. सी. लुणायच ने कहा कि जलियाँवाला बाग नरसंहार के स्मृति दिवस पर मां भारती की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी अमर बलिदानियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। कार्यक्रम के दौरान प्रिंसिपल चित्रा राजे बसेरा, सलाहकार वी. एन. त्रिवेदी, समन्वयक डॉ. नाहिद खान, चेतना चतुर्वेदी व समस्त टीचर्स उपस्थित रहे।

रिजल्ट से केंद्रीय और अन्य विवि में मिलेगा एडमिशन

CUET- PG का रिजल्ट जारी, नैंसी ने किया टॉप

बेधड़क | जयपुर

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए की ओर से कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेस टेस्ट (CUET) पीजी 2024 रिजल्ट शनिवार को घोषित कर दिया गया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानि कि एनटीए की ओर से देशभर में 11 मार्च से 28 मार्च तक तक आयोजित कराई गई इस सीयूईटी पीजी परीक्षा 2024 का रिजल्ट जारी किया है। परिणाम के साथ-साथ विषयवार टॉपर्स की सूची भी जारी की गई है।

CUET PG में रिकॉर्ड 4.62 लाख उम्मीदवारों ने भाग लिया था। नौ अंतर्राष्ट्रीय स्थानों सहित 250 शहरों में 15 दिनों तक सीयूईटी पीजी की परीक्षा आयोजित की गई थी। CUET PG पास छात्रों को एक ही परीक्षा के माध्यम से कई केंद्रीय और अन्य विश्वविद्यालयों में एडमिशन मिलेगा।

शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए सीयूईटी (पीजी) की परीक्षा में कुल 7,68,414 उम्मीदवार शामिल हुए थे। सीयूईटी पीजी के जरिए 190 विश्वविद्यालय में एडमिशन मिल सकता है।

217 अंक लाई टॉपर नैंसी

इस परीक्षा को पास करने वाले स्टूडेंट्स देशभर की कुल 190 यूनिवर्सिटी में दाखिला लेने के लिए योग्य हो गए हैं। इनमें 39 केंद्रीय विश्वविद्यालय, 39 राज्य सरकार के विश्वविद्यालय, 15 सरकारी संस्थान और 97 अन्य निजी और डीम्ड यूनिवर्सिटी का नाम शामिल है। एनटीए ने रिजल्ट के साथ-साथ सभी विषयों के अनुसार टॉपर्स के नाम की लिस्ट भी जारी की है। इस लिस्ट के अनुसार इस साल नैंसी जैन ने पूरे देश में टॉप किया है। नैंसी को पहला स्थान मिला है। उन्होंने इस एग्जाम में 217 अंक हासिल किए हैं।

पीजी कोर्सेस में मिल सकेगा दाखिला

सीयूईटी पीजी परीक्षा 2024 पास करने वाले स्टूडेंट्स के लिए आगे का स्टेप निर्धारित कटऑफ में अंक प्राप्त करना है। इस परीक्षा में भाग लेने वाले स्टूडेंट्स विश्वविद्यालयों के पोस्ट ग्रेजुएशन पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकेंगे। एग्जाम से जुड़ी अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

ऐसे देखें रिजल्ट?

परिणाम देखने के लिए सबसे पहले एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट pgcuet.samarth.ac.in पर जाएं। यहां होम पेज पर CUET PG Result 2024 लिंक फ्लैश हो रहा होगा। उस लिंक पर क्लिक करना है। इसके बाद जो नई विंडो खुलेगी वहां अपनी जानकारी दर्ज करनी है और सबमिट करना है। सबमिट करने के बाद स्क्रीन पर रिजल्ट आ जाएगा। आप इसका प्रिंट निकालकर रख लें।

इतने स्टूडेंट्स ने दी थी परीक्षा

सीयूईटी पीजी परीक्षा 2024 में इस साल कुल 768414 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें से 577400 उम्मीदवार परीक्षा में बैठे थे। इनमें कुल 315788 महिला अभ्यर्थी उपस्थित हुईं और 261608 पुरुष अभ्यर्थी उपस्थित हुए। सीयूईटी पीजी के लिए 20 ट्रांसजेंड स्टूडेंट्स ने भी रजिस्ट्रेशन कराया था जिसमें से 4 स्टूडेंट्स पेपर में बैठे थे।

NPCIL में भर्ती, गेट से होगा चयन

जयपुर। न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की तरफ से बम्पर पदों पर भर्ती निकाली गई। इसके लिए 400 पदों की भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। इनके लिए उम्मीदवार जल्द आवेदन कर सकेंगे। भर्ती अभियान के लिए आवेदन प्रोसेस शुरू हो चुकी हैं। पात्र और इच्छुक उम्मीदवार आवेदन करने के लिए एनपीसीआईएल की आधिकारिक वेबसाइट npsilcareers.co.in पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं। भर्ती के लिए आवेदन करने की लास्ट डेट 30 अप्रैल है। भर्ती में मैकेनिकल के 150 पद, केमिकल के 73 पद, इलेक्ट्रिकल के 69 पद, इलेक्ट्रॉनिक्स के 29 पद, इंस्ट्रूमेंटेशन के 19 पद, सिविल के 60 पद पर आवेदन मांगें गए हैं। भर्ती के जरूरी शैक्षिक योग्यता में एआईसीटीई/यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/डीम्ड विश्वविद्यालय/संस्थान से 6 इंजीनियरिंग विषयों में से एक में न्यूनतम 60% कुल अंकों के साथ बीई/बीटेक/बीएससी (इंजीनियरिंग)/5 वर्षीय इंटीग्रेटेड एमटेक होना चाहिए। आवेदकों के पास योग्यता डिग्री से संबंधित इंजीनियरिंग अनुशासन में वैध GATE-2022 या GATE-2023 या GATE-2024 स्कोर होना चाहिए

आजाद फौज के योगदान से करवाया गया रू-ब-रू

TAGORE PUBLIC SCH
AISHA

बेधड़क | जयपुर

वैशाली नगर स्थित टैगोर पब्लिक स्कूल में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, राजस्थान, जयपुर की ओर से ‘आजाद हिंद फौज दिवस’ उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि मेजर जनरल अनुज माथुर, विशिष्ट अतिथि एयर कमोडोर चंद्र मौली, अन्य अतिथि कैप्टन नरेंद्र सिंह, जे. डब्ल्यू. ओ. डाल सिंह शेखावत, फ्लाइंग ऑफिसर सुरेंद्र कुमार पारीक, कर्नल टी पी सिंह, सार्जेंट नाथू सिंह, प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मेजर जनरल अनुज माथुर स्टूडेंट्स के साथ रूबरू हुए। मुख्य अतिथि ने सभी को भारत की आजादी में आजाद हिंद फौज के योगदान को समझाया। उन्होंने प्रकाश डाला कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस और आजाद हिंद फौज ने किस तरह अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया। कार्यक्रम को देशभक्ति गीत ‘कदम-कदम बढ़ाए जा’ के साथ आगे बढ़ाया गया।

स्टूडेंट्स ने व्यंजन बनाकर किया पाक-कला का प्रदर्शन

TODAY'S SPECIAL
DSHM

बेधड़क | जयपुर

राजधानी के होटल मैरियट में दंगायच स्कूल ऑफ़ होटल मैनेजमेंट जयपुर की ओर से जेके मसाला फूड विजार्ड सीजन 2 शेफ कॉम्पिटिशन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम में 18 फाइनल टीम फिनाले राउंड में आई। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न देशों के व्यंजन बनाकर अपनी पाक कला का प्रदर्शन किया। पांच सितारा होटल के एग्जीक्यूटिव शेफ और जनरल मैनेजर ने आकर बच्चों को सराहा। दूसरे रनर विजेता में सेंट एंसेल्म स्कूल-सलोनी जैन,अंजली जोशी, दिवा शर्मा, पहले रनर अप- वर्धमान स्कूल, यशस्वी बेंगानी, लेटिशर चिसेंगा, चाहना चौधरी, सांत्वना विजेता-आईआईएस स्कूल- वास्वी लोयलका,नित्या जोहरी, लक्षिता गर्ग कॉलेज के चेयरमैन हरि मोहन डंगायच, डायरेक्टर मिस सेजल डंगायच, प्रधानाचार्य डॉ ज्योति अरोड़ा ने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

रिक्रूटमेंट भारतीय सेना ने जारी किए एडमिट कार्ड भी

अग्निवीर भर्ती परीक्षा का शेड्यूल किया जारी

बेधड़क | जयपुर

भारतीय सेना की ओर से अग्निवीर भर्ती परीक्षा एडमिट कार्ड 2024 जारी कर दिया गया है। परीक्षा में शामिल होने के लिए पंजीकृत उम्मीदवार joinindianarmy.nic.in पर जाकर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। इंडियन आर्मी की तरफ से जारी परीक्षा कार्यक्रम के मुताबिक अग्निवीर भर्ती परीक्षा 22 अप्रैल से 3 मई तक आयोजित की जाएगी। इसमें अग्निवीर जनरल ड्यूटी (जीडी) परीक्षा 22 से 29 अप्रैल के बीच निर्धारित है। अग्निवीर जनरल ड्यूटी वुमन एमपी, अग्निवीर टेक, अग्निवीर ट्रेड्समैन 8वीं और 10वीं की परीक्षा 30 अप्रैल तीन शिफ्ट में होगी।

तीन पालियों में होगी अग्निवीर भर्ती परीक्षा

इंडियन आर्मी अग्निवीर भर्ती परीक्षा 2024 तीन पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली सुबह 8:30 बजे से 9:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। इसके लिए रिपोर्टिंग टाइम सुबह 7 बजे तक होगी, जबकि परीक्षा केंद्र का गेट 8 बजे तक खुला रहेगा। दूसरी पाली की परीक्षा 11:30 बजे से 12:30 बजे तक होगी। इसके लिए रिपोर्टिंग टाइम सुबह 10 बजे तक होगी, जबकि परीक्षा केंद्र का गेट 11 बजे तक खुला रहेगा। तीसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2:30 से 3:30 बजे तक होगी। रिपोर्टिंग टाइम सुबह 1 बजे तक होगी, जबकि परीक्षा केंद्र का गेट 2 बजे तक खुला रहेगा।

कई पदों के लिए होने जा रही भर्ती परीक्षा

अग्निवीर रैली का लक्ष्य भारतीय सेना में भर्ती के माध्यम से कई पदों को भरना है। इनमें यूपी, बिहार, राजस्थान, उत्तराखंड, एमपी जैसे कई अन्य राज्यों के लिए एआरओ पद की रिक्तियां जारी की गई हैं। सेना में अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर क्लर्क, स्टोर कीपर टेक्निकल, अग्निवीर ट्रेड्समैन (8वीं और 10वीं पास) के लिए वैकेंसी निकली है। इसके अलावा महिला सेना पुलिस, हवलदार सर्वेयर ऑटो कार्टोग्राफर, सिपाही फार्मा, नर्सिंग असिस्टेंट और नर्सिंग असिस्टेंट (पशु चिकित्सा) के पद भी हैं।

ऐसे करें एडमिट कार्ड डाउनलोड

- सबसे पहले भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट joinindianarmy.nic.in पर जाएं।
- आर्मी अग्निवीर एडमिट कार्ड 2024 डाउनलोड लिंक पर क्लिक करें।
- उम्मीदवार क्रेडेंशियल जैसे यूजर नेम और पासवर्ड का उपयोग करके लॉगिन करें।
- आर्मी अग्निवीर एडमिट कार्ड 2024 डाउनलोड करें।
- अब एडमिट कार्ड का प्रिंटआउट ले लें।

दौसा जिले के पास दो पहाड़ियों के बीच स्थित है चमत्कारिक मेहंदीपुर बालाजी मंदिर

हर दिन प्रेतराज के दरबार में होती है 'ऊपरी हवा' की पेशी

पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक
सेवा के अधिकारी

शाश्वत सनातन

दौसा जिले के पास दो पहाड़ियों के बीच घाटी में मेहंदीपुर बालाजी का ऐसा स्थान है, जहां हनुमान जी का स्वरूप पत्थर पर अपने आप बना। यह हनुमान जी का बाल स्वरूप है, इसलिए इन्हें श्रीबालाजी कहते हैं। जनश्रुति है कि यह मंदिर करीब 1,000 साल पुराना है। यहां के बारे में मान्यता है कि यहां पर भूत-प्रेत की बाधा से पीड़ित व्यक्ति की बाधा दूर हो जाती है। खास बात यह है कि यहां पर रोजाना प्रेतराज सरकार के दरबार में ऊपरी बाधाओं का दरबार लगता है, जिसमें पीड़ितों के दुख दूर होते हैं। यहां बालाजी की बांयी छाती में छेद है, जिसमें से लगातार पानी बहता रहता है।

राजस्थान के दौसा जिले के पास दो पहाड़ियों के बीच बसा हुआ घाटा मेहंदीपुर नामक स्थान है, जहां पर बहुत बड़ी चट्टान पर हनुमानजी की आकृति स्वत: ही उभर आई है। यह हनुमानजी का बाल स्वरूप है, इसलिए इन्हें श्री बालाजी महाराज के नाम से जानते हैं। इनके चरणों में छोटी-सी कुंडी है, जिसका जल कभी समाप्त नहीं होता। मेहंदीपुर वाले बालाजी देश ही नहीं दुनियाभर में लोगों के लिए श्रद्धा और आस्था के केंद्र हैं। श्री मेहंदीपुर बालाजी धाम श्री राम भक्त हनुमान जी से संबंधित है, क्योंकि हनुमान जी ने बहुत सी लीलाएं अपने बाल रूप में की हैं इसलिए कुछ स्थानों पर इन्हें बालाजी के नाम से भी जाना जाता है। श्री हनुमान जी महाराज यहां पे बाल रूप में विराजमान हैं।

1,000 साल पुराना है मंदिर

यहां के हनुमानजी का विग्रह काफी शक्तिशाली एवं चमत्कारिक माना जाता है तथा इसी वजह से यह स्थान न केवल राजस्थान में बल्कि पूरे देश में विख्यात है। यहां हनुमानजी के साथ ही शिवजी और भैरवजी की भी पूजा की जाती है। जनश्रुति है कि यह मंदिर करीब 1,000 साल पुराना है। यहां पर एक बहुत विशाल चट्टान में हनुमानजी की आकृति स्वयं ही उभर आई थी। इसे ही श्री हनुमानजी का स्वरूप माना जाता है।

प्रति दिन 2 बजे लगता है दरबार

भूत प्रेतादि ऊपरी बाधाओं के निवारण के लिए यहां आने वालों का तांता लगा रहता है। इस मंदिर में प्रेतराज सरकार और भैरवबाबा कोतवाल की मूर्ति है। हर दिन 2 बजे प्रेतराज सरकार के दरबार में पेशी यानी की कीर्तन होता है, जिसमें लोगों पर आए ऊपरी सायों को दूर किया जाता है। मेहंदीपुर बालाजी मंदिर के किसी भी तरह के प्रसाद को आप खा नहीं सकते और ना ही किसी को दे सकते हैं। यहां के प्रसाद को आप घर पर भी नहीं लेकर जा सकते। यहां तक की कोई भी खाने-पीने की चीज और सुंगधित चीज आप यहां से घर नहीं लेकर जा सकते। बताया जाता है ऐसा करने पर ऊपरी साया आपके ऊपर आ जाती है।

बाईं छाती से लगातार बहता है पसीना

मेहंदीपुर बालाजी की बाईं छाती में एक छोटा सा छेद है, जिससे लगातार जल बहता रहता है। कहते हैं यह बालाजी का पसीना है। यहां बालाजी को लड्डू, प्रेतराज को चावल और भैरों को उड़द का प्रसाद चढ़ता है। बताया जाता है कि जिनके अंदर भूत-प्रेत आदि शक्तियां होती हैं, वह यह प्रसाद खाते ही अजब-गजब हरकतें करने लगते हैं। मेहंदीपुर बालाजी की मूर्ती के ठीक सामने भगवान राम-सीता की मूर्ती है, जिसके वह हमेशा दर्शन करते रहते हैं। यहां हनुमानजी बाल रूप में मौजूद है। यहां आने वाले सभी यात्रियों के लिए नियम है कि उन्हें कम से कम एक सप्ताह तक लहसुन, प्याज, अंडा, मांस, शराब का सेवन बंद कर देना चाहिए।

भैंरू जी

दो कैटेगरी का होता है प्रसाद

मेहंदीपुर बालाजी में बाकी मंदिरों से अलग प्रसाद चढ़ता है। यहां प्रसाद की 2 कैटेगरी है, एक दर्खावस्त और दूसरी अर्जी। दर्खावस्त को बालाजी में हाजरी भी बोलते हैं। हाजरी के प्रसाद को दो बार खरीदना पड़ता है और अर्जी में 3 थालियों में प्रसाद मिलता है। मंदिर में दर्खावस्त एकबार लगाने के बाद, वहां से तुरंत निकल जाना होता है। अर्जी का प्रसाद लौटते समय लेते हैं, जिन्हें अपने पीछे फेंकना होता है। नियम है कि प्रसाद फेंकते समय पीछे नहीं देखना चाहिए।

कविता

हवा की तरह जरूरी है प्रेम!

महेश कुमार केशरी
कहानीकार

एक आदमी का घर था
लेकिन, ईंट-गारों का बना था।
पत्नी थी, पति था
लेकिन, उनमें प्रेम नहीं था।
पति एक कमाऊ मशीन था
वो खर्चे और बच्चों के परवरिश के लिए
जिंदा था
एक आदमी को इस धरती पर क्या जिंदा
रखता है
प्रेम
वो... प्रेम होता है...
प्रेम में आकर्षण होता है...
जीवण का सारा सार
सारा सौंदर्य बोध
प्रेम में होता है...
आदमी प्रेम में या प्रेम के इंतजार में
सालों जीता है
ये कहना बहुत जरूरी है
यहां... कि आदमी को जैसे
हवा, धूप, दरख्त और मौसम की
जरूरत होती है।
जैसे त्योहारों की जरूरत होती है
वैसे ही प्रेम जरूरी होता है,
आदमी के लिए।
प्रेम शब्द भर नहीं है
या केवल एहसास भर नहीं है,
प्रेम तो पूरा का पूरा एक युग है,
सहस्राब्दियों तक की आयु है
प्रेम की।
तभी तो प्रेम में पड़े आदमी की
आयु, स्मृतियों में बहुत बड़ी होती है
और आज सालों बाद भी लोग
उन जोड़ों को याद करतें हैं।
किस्से कहानियों में जिनका
बखान होता है।
यहां ये बताना भी जरूरी हो जाता
है कि प्रेम का रंग, रूप, गंध
नहीं होता
वह अमूर्त होता है
ईश्वर की तरह।
मैं, एक लड़की को जानता हूं
जो, प्रेम में होने के कारण ही
असमय सूखकर मर गई थी!
एक आदमी था
जिसका घर परिवार था .
लेकिन, वहाँ प्रेम नहीं था।
वो आदमी भी पीला
होकर और सूखकर
असमय ही मर गया था।
सूख गई वो लड़की और मर
गया वो, पीला पड़ा आदमी
ठूंठ पेड़ की तरह।
ये भी झूठ है कि आदमी बीमारियों
से मरता है।
आदमी के अंदर जब प्रेम की ग्रंथियां
सूख जातीं हैं।
तब आदमी मर जाता है।

शब्दों की सीख

मान गया 'माता तेरी मेहर'

अर्चना त्यागी
जोधपुर

आज सुबह से कोई काम ठीक से नहीं हो पाया। पिछले एक महीने से इस प्रोजेक्ट में लगा हुआ था रोहित। बॉस ने उसकी प्रेजेंटेशन रिजेक्ट करके उसकी सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। रोहित ने कार पार्किंग में खड़ी की और यही सब सोचते हुए तेजी से अपने फ्लैट की ओर बढ़ गया। उसकी पत्नी नेहा ने मुस्कुराकर दरवाजा खोला, लेकिन उसका उतरा हुआ चेहरा देखकर वह समझ गई कि रोहित का मूड आज ठीक नहीं है।

इसलिए नेहा ने कुछ नहीं पूछा और काम में व्यस्त हो गई। रोहित नहाकर आया। सोफे पर बैठकर टीवी चलाया, लेकिन थोड़ी देर चैनल बदलकर फिर बन्द कर दिया। बैग से लैपटॉप निकालकर काम करने बैठ गया। नेहा तब तक डायनिंग टेबल पर खाना लगा चुकी थी। 'रोहित पहले खाना खाओ। ठंडा हो जाएगा।' उसने रोहित के पास आकर कहा। 'नहीं यार, मुझे कुछ जरूरी काम निपटाना है। तुम खा लो। वैसे भी भूख नहीं है मुझे।' रोहित ने अपने काम में लगे हुए ही जवाब दिया। नेहा को थोड़ा गुस्सा आया, लेकिन खुद पर काबू रखते हुए उसने पूछा- 'कुछ बताओगे क्या हुआ है? तुम्हारी प्रेजेंटेशन कैसी रही? बात करोगे तो मन हल्का हो जाएगा। तनाव में भूख नहीं लगेगी।' रोहित ने लैपटॉप बन्द कर दिया और नेहा की ओर देखते हुए बोला, 'होना क्या था। पूरे महीने की मेहनत पर पानी फिर गया। अब फिर से बनानी पड़ेगी। बॉस को पसंद नहीं आई।' नेहा ने उसे समझाते हुए कहा- 'रोहित आज का दिन तुम्हारा नहीं था, लेकिन ऐसा नहीं है कि कल का दिन भी ऐसा ही होगा। मुझे विश्वास है तुम एक और अच्छी प्रेजेंटेशन बना लोगे।' तभी दरवाजे की घंटी बज गई। दरवाजा खोला तो सामने वाले फ्लैट में रहने वाले व्यासजी की माताजी आईं थीं।

'नेहा और रोहित कल आखिरी नवरात्र का पाठ पूरा हो जाएगा। शाम को इसी समय आरती होगी। ऑफिस से आकर तुम दोनों आरती में शामिल होना। रात में माता का जगराता रखा है।' 'जी आंटी जरूर। आप बैठिए ना।' नेहा ने उनसे आग्रह किया। रोहित मुंह बनाकर वहां से उठकर चला गया। आंटी समझ गईं। उन्होंने नेहा से कहा, 'बेटा लगता है रोहित किसी बात से परेशान है, उसे बोलना हम कितना भी परेशान हों, लेकिन माता की मेहर जब तक नहीं होती, हमारा काम नहीं बनता। जब भी कोई समस्या आए, हाथ जोड़कर दिल से कहो -माता तेरी मेहर और चमत्कार हो जाता है।'

कहकर आंटी वापस चली गईं। रोहित उनकी बात सुन रहा था। नेहा से बोला, 'तुम कैसे विश्वास कर लेती हो इन ढकोसलों पर। अगर इस तरह सब हाथ पर हाथ रखकर बस यही कहते रहें- माता तेरी मेहर तो दुनिया रुक जाएगी।' नेहा उससे बहस नहीं करना चाहती थी इसलिए उसने इतना ही कहा, 'ऐसा उनका विश्वास है रोहित, हम किसी के विश्वास को गलत नहीं कह सकते। पूजा पाठ से अगर किसी को मानसिक शांति मिलती है तो हम विरोध क्यूं करें। वातावरण की शुद्धि के लिए भी लोग पूजा पाठ करते हैं।' रोहित उसकी बात से सहमत नहीं था, इसलिए फिर से अपना लैपटॉप लेकर बैठ गया।

नेहा भी बात को बढ़ाना नहीं चाहती थी, इसलिए बचे हुए काम समेटने लगी। रोहित काम करते करते भी बड़बड़ा रहा था। थोड़ी देर काम करके सोने चला गया। काम खत्म करके नेहा भी बिस्तर पर लेट गई। सुबह नेहा और रोहित दोनों ही ऑफिस के लिए निकल गए। नेहा का ऑफिस रास्ते में पड़ता था, कार से उतरते हुए नेहा ने रोहित को याद दिलाया, 'रोहित शाम को जल्दी आने की कोशिश करना।' रोहित ने कार चलाते चलाते ही उत्तर दिया, 'देखता हूं। देर हुई तो तुम अकेले ही चले जाना।' नेहा उसका इशारा समझ गई। उसने मुस्कुराकर, हाथ हिलाकर बाय किया और ऑफिस के अंदर चली गई।

शाम को नेहा पूजा में जाने के लिए तैयार हो रही थी, तभी रोहित ने गुनगुनाते हुए अंदर प्रवेश किया। नेहा के आश्चर्य की सीमा नहीं रही, जब रोहित ने कहा कि वह भी पूजा में साथ चलेगा। वह भी प्रसाद लेना चाहता है।

नेहा और रोहित को साथ देखकर आंटी बहुत खुश थी। सारी रात रोहित जगराते में भजन मंडली के साथ माता का भजन गा रहा था। पूजा संपन्न हुई तो उन्होंने प्रसाद का वितरण किया। रोहित ने आशा के विपरीत प्रसाद लेकर उनके चरण स्पर्श किए। घर आकर नेहा खुद को रोक नहीं पाई। उसने पूछ ही लिया, 'आज अचानक दुर्गा मां में इतनी भक्ति और विश्वास कैसे हो गया रोहित?' रोहित भी जैसे बताना ही चाहता था, 'नेहा कल मैं इतना परेशान था कि आंटी की बात भी मानकर देखी। रात में बिस्तर पर आंख बंद करके यही बोलता रहा, माता तेरी महर। आज प्रेजेंटेशन इतना अच्छा हुआ कि बॉस ने सीधे प्रोमोशन ही कर दिया है।

मैं खुद भी नहीं समझ पाया कि क्या हुआ है? कल वही प्रेजेंटेशन रिजेक्ट हो गई थी। तुम्हारी आंटी के भगवान को धन्यवाद देने गया था। बस।' नेहा ने रोहित को बधाई देते हुए कहा, 'रोहित, आंटी के माता मेरी मेहर रहे ने तुम्हारे दिमाग को शांत कर दिया और तुम एक अच्छी प्रस्तुति दे पाए।' रोहित एक भजन बजाकर, आंखें बंद करके सुनने में मशगूल था।

पंजाब: शिरोमणि अकाली दल ने सात सीटों पर घोषित किए प्रत्याशी

गुरदासपुर से डॉ. दलजीत चीमा व अमृतसर से अनिल जोशी मैदान में

भाजपा छोड़कर अकाली दल में शामिल हुए थे अनिल जोशी

एजेंसी | चंडीगढ़

शिरोमणि अकाली दल ने बैसाखी के मौके पर शनिवार को लोकसभा चुनाव के लिए अपनी पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी ने पंजाब की 13 में से सात सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी हैं, जिसमें गुरदासपुर, अमृतसर, आनंदपुर साहिब, फतेगढ़ साहिब, फरीदकोट, संगरूर और पटियाला सीट शामिल हैं। पार्टी ने एक सीट को छोड़कर सभी पर पुराने चेहरों को ही मौका दिया है। इस बार पार्टी का भाजपा के साथ गठबंधन नहीं है, इसलिए सभी सीटों पर वह खुद ही अपने उम्मीदवार उतार रही है।

गुरदासपुर से डॉ. दलजीत सिंह चीमा, आनंदपुर साहिब से प्रोफेसर प्रेम सिंह चंदूमाजरा व पटियाला लोकसभा सीट से एनके शर्मा को उम्मीदवार घोषित किया गया है। इसके अलावा फतेहगढ़ साहिब से बिक्रमजीत सिंह खालसा, फरीदकोट से गुरदेव सिंह बादल के पोते राजविंदर सिंह , संगरूर से पार्टी ने इकबाल सिंह झुंडा व अमृतसर से भाजपा छोड़कर पार्टी में आने वाले अनिल जोशी को टिकट दिया है।

चीमा पेशे से डॉक्टर है और वह वर्ष 2012 से 2017 तक पंजाब के शिक्षा मंत्री रहे। प्रोफेसर प्रेम सिंह चंदूमाजरा पार्टी में महासचिव व प्रवक्ता की भूमिका के साथ ही पहले भी वर्ष 2014 में भी इस सीट से सांसद रह चुके हैं। एक को छोड़कर सभी सीटों परअकाली दल ने पुराने चेहरों को ही मौका दिया है।

बादल परिवार की सीट से प्रत्याशियों की घोषणा नहीं

बठिंडा लोकसभा सीट से पार्टी ने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। यहां से लगातार 3 बार हरसिमरत कौर बादल लोकसभा चुनाव जीत चुकी हैं। पहली सूची में हरसिमरत कौर बादल के नाम की घोषणा तय मानी जा रहा थी, लेकिन फिलहाल पार्टी ने उनके नाम की घोषणा नहीं की है। इसके अलावा पहली सूची में फिरोजपुर सीट पर भी प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गई है। अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल फिलहाल इस सीट से सांसद हैं। चर्चा है कि बादल के इस बार लोकसभा चुनाव लड़ने की संभावना कम है। यही कारण है कि पार्टी इस सीट से किसी अन्य चेहरे को उतारने की तैयारी कर रही है। पार्टी अध्यक्ष बादल पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि वह इस बार संसदीय चुनाव नहीं लड़ेंगे। ऐसे में हरसिमरत कौर को इस बार बठिंडा या फिरोजपुर से मैदान में उतारा जा सकता है।

BJP के साथ नहीं बनी गठबंधन की बात

भाजपा ने 26 मार्च को स्पष्ट किया था कि वह पंजाब की सभी 13 संसदीय सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। इसके साथ लोकसभा चुनावों से पहले अकाली दल के साथ गठबंधन की चर्चाओं को विराम लग गया था। अकाली दल ने घोषणा की थी कि 103 साल पुरानी पंथिक पार्टी के लिए नंबर गेम की तुलना में सिद्धांत अधिक महत्वपूर्ण हैं।

कंगना के खिलाफ विक्रमादित्य होंगे कांग्रेस प्रत्याशी

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार को लोकसभा चुनाव के लिए 16 और उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी। पार्टी ने चंडीगढ़ लोकसभा सीट के अलावा, गुजरात की चार, हिमाचल प्रदेश की दो और ओडिशा की नौ लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी को चंडीगढ़ संसदीय क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है। यहां पिछली बार पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन बंसल को टिकट दिया गया था। मंडी संसदीय सीट पर भाजपा प्रत्याशी कंगना रानौत के सामने कांग्रेस ने राज्य के मंत्री विक्रमादित्य सिंह को टिकट दिया है। विक्रमादित्य सिंह कांग्रेस की हिमाचल प्रदेश इकाई की प्रमुख प्रतिभा सिंह के बेटे हैं। चंडीगढ़ में मनीष तिवारी का मुकाबला भाजपा उम्मीदवार संजय टंडन से होगा, जो भाजपा के दिवंगत नेता बलरामजी दास टंडन के बेटे हैं।

भाजपा को नहीं मिलेंगी 200 से ज्यादा सीटें: ममता

कोलकाता। लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को झूठा बताया। इसी के साथ उन्होंने दावा किया भी भाजपा लोकसभा चुनाव में 200 से ज्यादा सीट नहीं जीत पाएगी। चुनाव प्रचार के दौरान सीएम ममता बनर्जी ने उत्तर बंगाल के सिलीगुड़ी के जब्राविटा में एक सार्वजनिक बैठक के दौरान कलाकारों के साथ नृत्य किया। ममता बनर्जी ने एक रैली को संबोधित करते हुए भाजपा पर बीआर अंबेडकर द्वारा बनाए गए देश के संविधान को नष्ट करने का आरोप लगाया है। उन्होंने आगे कहा, भाजपा ने उत्तरी बंगाल के लिए क्या किया? पीएम नरेंद्र मोदी की गारंटी के झांसे में न आएं। यह केवल चुनावी जुमला है और कुछ नहीं।

राजद का घोषणापत्र जारी: रोजगार को बनाया सियासी हथियार

एक करोड़ सरकारी नौकरी और 500 में गैस सिलेंडर का वादा

एजेंसी | पटना

लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के छह दिन पहले राजद ने शनिवार को अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया जिसमें पार्टी ने रोजगार को अपनी घोषणाओं के केंद्र में रखा है। पार्टी ने चुनाव घोषणा पत्र का परिवर्तन पत्र का नाम दिया है। पार्टी लोकलुभावन वादों पर भरोसा किया है। पार्टी ने विपक्षी गठबंधन इंडिया की सरकार बनने पर एक करोड़ सरकारी नौकरियां,पूरे देश में 500 रुपए में गैस सिलेंडर और 200 यूनिट फ्री बिजली देने और अग्निवीर योजना को समाप्त करने का भी वादा किया है।

पूर्व उप मुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ प्रेस वार्ता घोषण पत्र जारी किया। इसमें तेजस्वी ने देश की जनता को 24 वचन दिए हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि मैं लंबे समय से नौकरी, महंगाई, गरीबी और बेरोज़गारी के बारे में बोल रहा हूं।

लेकिन, प्रधानमंत्री जिन मुद्दों और काम की बात का नोटिस ही नहीं लेते। उन्हें तो बस अपने मन की बात सुनानी है। 10 वर्षों में उन्होंने बिहार को क्या दिया?

राजद के बड़े वादे

- गैस सिलेंडर 500 रुपए में
- अग्नीवीर योजना होगी समाप्त
- बिहार को विशेष पैकेज
- महिलाओं को एक लाख रुपए
- पुरानी पेंशन योजना का वादा

तीस लाख पद खाली, 70 लाख नए पदों का सृजन

तेजस्वी यादव ने कहा कि पूरे देश में 30 लाख पद रिक्त पड़े हैं। उनको तो भरेंगे ही। साथ ही 70 लाख पदों का सृजन करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने दो करोड़ नौकरी हर साल देने का वादा किया था। हम लोग सच्चे लोग हैं। जो कहते हैं, वह करते हैं। 15 अगस्त से नौकरी की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना को निरस्त करेंगे। 2014 के पहले जिस तरह से सेना में भर्ती की जाती थी, उसी तर्ज पर नौकरी देंगे। रेलवे में भी 2014 के पूर्व की तरह से बहाली प्रक्रिया शुरू होगी। इससे युवाओं को रोजगार तो मिलेगा ही, साथ में रेलवे के कार्यों में गुणवत्ता भी आएगी।

भाजपा के लाभार्थी वर्ग को झटकने का प्रयास

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार राजद के घोषणा पत्र से साफ है कि वह भाजपा के लाभार्थी वोटरों को अपना पाले में लाना चाहता है। यही वजह है कि घोषणा पत्र में महिलाओं को सीधे एक लाख रुपए देने, युवाओं को सरकारी नौकरी देने जैसी बातें की गई है। महिलाओं को डायरेक्ट पैसे देने का फायदा मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में शिवराज सिंह चौहान और भाजपा उठा चुकी है। शिवराज सिंह चौहान की 'लाडली बहना' योजना के जिरए महिलाओं के खाते में सीधे पैसे डाले जाते थे।

200 यूनिट बिजली फ्री

तेजस्वी यादव ने कहा कि आगामी रक्षा बंधन से देश की गरीब महिला को एक लाख रुपए सहायता देगें। साथ ही पूरे देश में गैस सिलेंडर का दाम 500 रुपया कर दिया जाएगा। तेजस्वी यादव ने अग्निवीर योजना को खत्म करने की बात कही। बिहार के लिए घोषणा करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि 200 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलवाएंगे। राज्य को एक लाख 60 हजार करोड़ रुपए का विशेष पैकेज बिहार को दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनी तो पुरानी पेंशन योजना लागू करेगें।

मोदी के चौथे कार्यकाल की भी उम्मीद...

जब तक सामर्थ्य, तब तक प्रधानमंत्री बने रहेंगे नरेंद्र मोदी

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में अपने तीसरे कार्यकाल के लिए वोट मांग रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उनके चौथे कार्यकाल की भी भविष्यवाणी की है। उन्होंने कहा है कि पीएम मोदी कहीं नहीं जा रहे हैं। वे हैं और रहेंगे। उन्होंने कहा कि जब तक उनमें सामर्थ्य है तब तक वह रहेंगे। जब तक देश चाहेगा तब तक रहेंगे।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा एक विचारधारा के रूप में काम करने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि हम 'न्याय सभी के लिए तुष्टीकरण किसी का नहीं' इस तरह से काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें भारत को विकसित भारत बनाना है। उन्होंने कहा कि हम जमीनी हकीकत के आधार पर अपना लक्ष्य तय करते हैं। हमने 2014 के चुनाव में भी इसे समझा था और इस बार भी किया है।

इसी के आधार पर हमने 400 पार का लक्ष्य तय किया है। उन्होंने विपक्ष के इस आरोप कि खारिज कर दिया कि भाजपा संविधान बदलना चाहती है और देश में अघोषित इमरजेंसी लागू है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा होता तो क्या देश में कोई ऐसा बोल सकता है।

पाकिस्तान पर भी साधा निशाना

राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान को अपनी धरती से आतंकवाद को समाप्त करना चाहिए और उसके खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करनी चाहिए। अगर उसे लगता है कि वह ऐसा करने में सक्षम नहीं है, तो भारत की मदद ले सकता है। रक्षा मंत्री ने कहा, भारत आतंकवाद से निपटने के लिए हर तरह की सहायता देने को तैयार है। अगर पाकिस्तान आतंकवाद का इस्तेमाल कर भारत को अस्थिर करने की कोशिश करेगा तो उसे इसके परिणाम भुगतने होंगे। हम सीमापार आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेंगे और इस्लामाबाद के साथ संबंध सुधारने के लिए आतंकवाद को अलग करके नहीं देख सकते।

राष्ट्रीय जनता दल को लगा फिर झटका

वृषिण ने छोड़ा साथ, अशरफ जेडीयू में शामिल

एजेंसी | पटना

बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) को एक और झटका लगा है। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व सांसद वृषिण पटेल ने शनिवार को पार्टी छोड़ दी। उन्होंने पार्टी पर कार्यकर्ताओं की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है। वहीं, पूर्व राज्यसभा सदस्यस अशफाक करीम ने राजद छोड़ने के बाद सीएम नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यू)का दामन थाम लिया है।

करीम ने शुक्रवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया था। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव को पत्र लिखकर अल्पसंख्यकों को सम्मानजनक हिस्सेदारी नहीं देने का आरोप लगाया था।

वृषिण पटेल ने प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह लिखे एक पत्र में कहा, मैंने महसूस किया है कि राष्ट्रीय जनता दल को समर्पित कार्यकर्ताओं की कोई आवश्यकता नहीं है। और न ही इस दल को सामाजिक न्याय और सांप्रदायिक सद्भाव में आस्था है।

मैं दुःखी मन से राष्ट्रीय जनता दल की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देता हूं।

टिकट न मिलने से नाराज थे पटेल

जानकारों का कहना है कि वृषिण पटेल के राजद से अलग होने के पीछे कई कारण हैं लेकिन मुख्य कारण यह है कि पटेल को उम्मीद थी कि पार्टी लोकसभा चुनाव में उन्हें वैशली से टिकट देगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। राजद ने वैशाली से इस बार मुन्ना शुक्ला को उम्मीदवार बना दिया। इसी बात को लेक पटेल ने राजद को अलविदा कह दिया। राज्यसभा सांसद रहे अशफाक करीम ने भी शनिवार को जनता दल यूनाइटेड का दामन थाम लिया था।

महाराष्ट्र में रैली के दौरान कांग्रेस नेता की घोषणा

हमारी केंद्र में सरकार आई तो हम किसानों का कर्ज कर देंगे माफ

एजेंसी | मुंबई

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि अगर उनकी पार्टी केंद्र में सरकार बनाती है तो किसानों का कर्जा माफ कर दिया जाएगा। उन्होंने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम खुद को ओबीसी बताते हैं लेकिन उन्हें बताना होगा कि पिछले 10 वर्षों में उन्होंने ओबीसी वर्ग के लिए क्या किया है। राहुल ने शनिवार को महाराष्ट्र के भंडारा जिले के साकोली में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि देश की जनता बेरोजगारी और महंगाई से परेशान है लेकिन मीडिया ने सबसे बड़े मुद्दों को ही नजरअंदाज कर दिया है। राहुल ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो हम सबसे पहले जाति जनगणना करवाएंगे। जाति जनगणना देश के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है।

कुछ उद्योगपतियों के लिए काम कर रही सरकार

राहुल का दावा है कि केंद्र सरकार सिर्फ कुछ उद्योगपतियों के लिए ही काम कर रही है। आम लोगों को इस सरकार में कुछ नहीं मिल रहा है। गांधी का आरोप है कि देश के सिर्फ 22 लोगों के पास ही देश की 50 फीसदी आबादी के बराबर संपत्ति है। पीएम मोदी सिर्फ धर्म की बात करते हैं। वे जातियों और समुदायों के बीच दुश्मनी पैदा करने की कोशिश करते हैं।

केरल की चुनावी चिट्ठी

भाजपा को खाता खुलने की उम्मीद, क्या रोक पाएगी थरूर का विजय रथ!

एजेंसी | तिरुवनंतपुरम

केरल में इस बार लोकसभा चुनाव बहुत अहम होने वाले हैं। भाजपा को उम्मीद है कि वह इस बार इस सुदूर दक्षिणी राज्य में अपना खाता खोल लेगी।

पार्टी ने तिरुवनंतपुरम संसदीय क्षेत्र में पूरी ताकत झोंक रखी है। वहां कांग्रेस के दिग्गज नेता शशि थरूर को भाजपा के राजीव चंद्रशेखर चुनौती दे रहे हैं। वहीं राज्य की सबसे हॉट शीट वायनाड है जहां कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी चुनाव मैदान में हैं।

केरल करीब 24 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता हैं और राजनीतिक विश्लेषकों की नजर उन पर टिकी हुई हैं। राज्य में सत्तारूढ़ मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन द्वारा संशोधित नागरिकता कानून का खुलकर विरोध करने भी मुस्लिम मतों से जोड़कर देखा जा रहा है। विजयन सीएए का मुद्दा मुखर होकर नहीं उठाने के लिए कांग्रेस पर भी निशाना साध चुके हैं। सूत्रों के अनुसार मुस्लिम वोटर चाहे कांग्रेस के पक्ष के झुकें या वाम दलों के पक्ष में उनकी जीत का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। केरल कांग्रेस व वामपंथियों का मजबूत किला है और पिछले दो लोकसभा चुनाव में यह मोदी से अछूता ही रहा है। अपने दूसरे कार्यकाल में पीएम मोदी ने कई बार राज्य का दौरा किया और यहां भाजपा ने यहां अपने लिए मजबूत सियासी जमीन तैयार करने के लिए काफी प्रयास किए हैं।

TRIVANDRUM

तिरुवनंतपुरम में त्रिकोणीय मुकाबला

भाजपा इस बार तिरुवनंतपुरम में जीत का स्वाद चखना चाहती है और इसके लिए उसने तकड़ी व्यूहरचना की है। 2014 में भाजपा यहां काफी कम अंतर यानी करीब 15000 मतों से हारी थी। इस बार भी यहां त्रिकोणीय मुकाबले में फंसे कांग्रेस सांसद शशि थरूर को भाजपा के केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर से कड़ी चुनौती मिल रही है। चंद्रशेखर के अलावा माकपा की ओर से पूर्व राज्य सचिव पन्नियन रवींद्रन चुनाव मैदान में हैं। थरूर को आशंका है कि वाम दल यहां पर भाजपा विरोधी मतों को बांटना चाहते हैं। थरूर इसको लेकर वाम दलों पर निशाना भी साध चुके हैं। यहां एनडीए अयोध्या में राम मंदिर की स्थापना को चुनावी मुद्दे के रूप में इस्तेमाल करके बहुसंख्यक वोट बैंक को मजबूत करने की कोशिश में है। वहीं वाम दल और कांग्रेस नीत मोर्चा याहं पर सीएए के विरोध में मुखर दिखाई दे रहा है।

यह है सामाजिक गणित, प्रभावशाली है नायर समुदाय

थरूर और राजीव चंद्रशेखर दोनों ही नेता नायर समुदाय से आते हैं। दोनों ही नेता अपने समुदाय में लोकप्रिय हैं। नायर समुदाय केरल में दूसरा सबसे बड़ा हिंदू समुदाय है और इस समुदाय की तिरुवनंतपुरम में अच्छी खासी संख्या है। चंद्रशेखर राज्यसभा सदस्य हैं और वह पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। 2014 और 2019 में भाजपा यहां दूसरे नंबर पर रही थी। वर्ष 2009 से इस सीट पर थरूर का कब्जा है। 2009,2014 व 2019 में थरूर यहां से जीतकर लोकसभा में पहुंचे। उन्होंने 2009 में यह सीट भाकपा से छीनी थी। तिरुवनंतपुरम में एक मोटे अनुमान के अनुसार 66.46 फीसदी हिंदू, 19.1 फीसदी ईसाई और 13.72 फीसदी मुस्लिम आबादी है। 2019 में हुए पिछले लोकसभा चुनाव में तिरुवनंतपुरम में 73.45 फीसदी मतदान हुआ था।

जरूरी खबर

केजरीवाल की याचिका पर कल होगी सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट शराब नीति मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई के लिए 15 अप्रैल की तारीख तय की है। केजरीवाल ने ईडी की गिरफ्तारी व रिमांड के खिलाफ अपील की है। गौरतलब है कि इससे पहले शीर्ष कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ उनकी याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया था। इससे पहले उच्च न्यायालय ने मंगलवार को अरविंद केजरीवाल की दिल्ली आबकारी नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी।

सीएम रेड्डी की बस पर पथराव, आंख पर आई चोट

विजयवाड़ा। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी चुनाव प्रचार के दौरान घायल हो गए। विजयवाड़ा में उनकी यात्रा पर कुछ व्यक्तियों ने पथराव किया। घटना उस वक्त हुई, जब जगन मोहन रेड्डी मेमंता सिद्धम बस यात्रा कर रहे थे। कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने सीएम की बस पर पथराव किया, जिससे उनकी बाईं आंख के ऊपर चोट लग गई। इसके बाद बस पर सवार लोगों ने सीएम को संभाला और उनकी चोट को रूमाल से ढका। तत्काल मुख्यमंत्री को बस के अंदर ही एक डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार दिया।

विमान कंपनियां ने बदला रास्ता, ईरान पर से उड़ान नहीं

नई दिल्ली। ईरान की नौसेना द्वारा इजराइली अरबपति के जहाज पर कब्जा करने से पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच, भारतीय विमानन कंपनियों ने भी ऐहतियात बरतना शुरू कर दिया है। विमानन कंपनियां अपनी उड़ानों के लिए ईरानी हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल करने से बच रहे हैं। इसके स्थान पर उन्होंने वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करना शुरू कर दिया है। हालांकि, इससे गंतव्य तक पहुंचने में अधिक समय लग रहा है। बता दें कि भारत से यूरोप, अमेरिका और पश्चिम एशिया जाने वाली उड़ानें ईरान के हवाई क्षेत्र से गुजरती हैं। विस्तारा के प्रवक्ता ने कहा कि मध्य पूर्व के कुछ हिस्सों की मौजूदा हालात को देखते हुए हम अपनी कुछ उड़ानों के मार्ग में बदलाव कर रहे हैं। हम नियमित उड़ान मार्ग की जगह आकस्मिक मार्गों का उपयोग कर रहे हैं।

ऑपरेशन मेघदूत में सेना ने दिखाया शौर्य

__सियाचित।__ सेना ने शनिवार को 40वें सियाचिन दिवस के अवसर पर ऑपरेशन मेघदूत के जरिए अपने अदम्य शौर्य और साहस का परिचय दिया। सियाचिन, काराकोरम पर्वत श्रृंखला में करीब 20,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित दुनिया का सबसे ऊंचा युद्धक्षेत्र है जहां सालभर यहां बर्फ जमी रहती है और सर्दियों में तापमान माइनस 50 डिग्री तक गिर जाता है। ठीक 40 साल पहले आज ही के दिन यानी 13 अप्रैल 1984 को सेना ने ऑपरेशन मेघदूत चलाकर इस क्षेत्र में पाक सेना को शिकस्त दी थी।

ड्रग की कमाई फिल्मों-रियल एस्टेट में लगाई: ED

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को बर्खास्त किए गए पूर्व डीएमके नेता जाफर सादिक को लेकर बड़ा खुलासा किया। ईडी ने आरोप लगाया है कि सादिक ने ड्रग्स की तस्करी से कमाए 40 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई फिल्म निर्माण, आतिथ्य और रियल एस्टेट जैसे क्षेत्रों में लगाई। प्रवर्तन निदेशालय ने 9 अप्रैल को चेन्नई, मदुरै और तिरुचिरापल्ली में इस मामले में छापेमारी की थी, जिसके बाद एजेंसी ने एक आधिकारिक बयान जारी करके ये दावे किए हैं। 36 वर्षीय जाफर सादिक को पिछले नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो) ने 2,000 करोड़ रुपए से अधिक की कीमत वाली लगभग 3,500 किलोग्राम ड्रग्स की तस्करी में शामिल होने के लिए गिरफ्तार किया था। सादिक अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले सिंडिकेट का मास्टरमाइंड है।

विदेश मंत्री की दो टूक: किसी गलतफहमी में न रहें आतंकी...

आतंकवादियों को जवाब देते समय कोई नियम नहीं देखेंगे

एजेंसी | पुणे

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर पाकिस्तान को आतंकवाद को लेकर घेरा है। उन्होंने कहा कि अगर भारत पर सीमा पार से आतंकी हमला होगा तो उसका जवाब देने के लिए हमारा देश प्रतिबद्ध है। चूंकि आतंकवादी नियमों के अनुसार नहीं चलते, इसलिए हमारे लिए भी उनका जवाब देने के लिए कोई नियम नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से भारत की विदेश नीति में बदलाव आया है और आतंकवाद से निपटने का यही तरीका है।

भारत और चीन सीमा विवाद पर उन्होंने कहा है कि जब तक सीमाएं सुरक्षित नहीं हो जातीं, सेनाएं वहीं रहेंगी।

यह भी बोले विदेश मंत्री

- 2014 के बाद भारत की विदेश नीति में आया बदलाव
- जब तक सीमाएं सुरक्षित नहीं, सेना वहीं रहेंगी
- आतंकवादी किसी नियम से नहीं चलते

चीन के साथ व्यावहारिक नीति जरूरी

विदेश मंत्री ने कहा, चीन के साथ भारत की 'यथार्थवादी, जमीनी और व्यावहारिक नीति' होनी चाहिए। चीन हमारा पड़ोसी है, और चाहे वह चीन हो या कोई अन्य पड़ोसी, सीमा समझौता एक तरह की चुनौती है। मैं यहां इतिहास पर ध्यान दिलाना चाहता हूं। अगर हमने इतिहास से सबक नहीं सीखा, तो हम दोबारा गलतियां करते रहेंगे।

पटेल ने नेहरू को पत्र लिख जताई थी चिंता

जयशंकर ने कहा, चीन ने 1950 में तिब्बत पर कब्जा कर लिया था और तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को पत्र लिखकर कहा था कि वह चीन के प्रति भारत की नीति से बहुत परेशान हैं।

भारत-अमेरिका संबंध हुए मजबूत

जयशंकर ने जोर दिया कि प्रधानमंत्री मोदी की विश्वसनीयता के कारण भारत-अमेरिका संबंध मजबूत हुए हैं। यही वजह है कि एपल ने चीन के बजाय भारत में आइफोन बनाने का फैसला किया। अमेरिका हमेशा पीएम मोदी के साथ साझेदारी चाहेगा।

मणिपुर में फिर हिंसा

गुटों के बीच गोलीबारी में हुई 2 लोगों की मौत

एजेंसी | इंफाल

लोकसभा चुनाव से पहले भी मणिपुर में हिंसा जारी है। शनिवार को पूर्वी इंफाल और कांगपोकपी जिले के बीच सटे मोइरंगपुरेल इलाके में हथियारबंद दो समूहों के बीच गोलीबारी हुई । इसमें दो लोगों की मौत हो गई। दो दिनों में फायरिंग की यह दूसरी घटना है। पूरे इलाके में सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए हैं। मोइरंगपुरेल इलाके में कुकी और मैतई गुटों में मुठभेड़ के बाद गोलियां चलने की खबर है। सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। लोकसभा चुनाव 2024 के चलते आचार संहिता लागू है, लेकिन बीते दो दिन से मणिपुर में अलग-अलग इलाकों में गोलीबारी हुई। लोकसभा चुनाव के चलते मणिपुर में एक्ट्रा सुरक्षाबल तैनात किए गए हैं। फायरिंग की इस घटना में दो लोगों की मौत के विरोध में कमेटी ऑन ट्राइबल यूनिटी ने कांगपोकपी जिले में 13 अप्रैल की मध्यरात्रि से 14 अप्रैल की मध्यरात्रि तक 24 घंटे का पूर्ण शटडाउन का आह्वान किया। शांतिपुर में भी कुकी समुदाय के एक व्यक्ति की 12 अप्रैल को मैतई समुदाय के लोगों ने हत्या कर दी थी।

अमित शाह का दौरा 15 को

गृह मंत्री अमित शाह का 15 अप्रैल को मणिपुर दौरा प्रस्तावित है। ऐसे में ताजा हिंसा के कारण तनाव का माहौल सुरक्षा बलों के लिए चिंता का सबब बन गया है। केंद्र सरकार ने सुरक्षा बलों की तैनाती भी की है। इसके बावजूद हिंसा हो रही है.। बता दें कि पिछले साल मई महीने में मणिपुर में शुरू हुई हिंसा के बाद अब तक 65 हजार से अधिक लोग अपना घर छोड़ चुके हैं। 6 हजार मामले दर्ज हुए हैं और 144 लोगों की गिरफ्तारी हुई है।

एनएचआरसी की रिपोर्ट: बंगाल सरकार से मांगा जवाब, कहा...

संदेशखाली में हुआ मानवाधिकारों का उल्लंघन

एजेंसी | नई दिल्ली

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने कहा है कि पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ है। आयोग की ओर से दी गई रिपोर्ट में कहा गया है कि पीड़ितों पर अत्याचार के कई मामले सामने आए हैं जिससे साफ पता चलता है कि इसकी रोकथाम में सरकारी अधिकारियों की लापरवाही के चलते मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ। आयोग ने घटना स्थल का दौरा करने के बाद तैयार की गई रिपोर्ट में यह बात कही है। आयोग ने पीड़ितों के मन में भरोसा जगाने और उनके पुनर्वास व कल्याण के लिए रिपोर्ट में कई सिफारिशें की हैं। आयोग ने अपनी सिफारिशों पर पश्चिम बंगाल सरकार से आठ सप्ताह में कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। इसके अलावा आयोग ने कहा है कि संदेशखाली में महिलाओं के यौन शोषण और भूमि पर कब्जे के मामले पर हाई कोर्ट में सुनवाई चल रही है ऐसे में आयोग सुनवाई में हस्तक्षेप के अनुरोध के साथ हाई कोर्ट में अर्जी दाखिल करेगा आरोपितों द्वारा किये गए कथित अत्याचार के कारण ऐसा माहौल बन गया है कि पीड़ित खामोश हो गए हैं और डराने धमकाने व आतंक के चलते पीड़ितों में न्याय पाने के प्रति अनिच्छा पैदा हो गई है।

आयोग ने संदेशखाली भेजी थी टीम

आयोग ने मौके पर जाकर हकीकत पता लगाने के लिए अपनी एक टीम भी संदेशखाली भेजी थी। आयोग की टीम ने मौके से लौट कर अपनी रिपोर्ट दी है जिसमें कहा है कि आरोपितों के गिरोह से मिलीभगत के कारण लोगों को राज्य और केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं जैसे सार्वजनिक वितरण प्रणाली का राशन न मिलना, वृद्धावस्था पेंशन का लाभ या मनरेगा का लाभ न देना या उसमें भेदभाव किये जाने के लगाए गए आरोप गंभीर और चिंताजनक हैं इससे लोकतांत्रिक मूल्य कमजोर होते हैं।

भगोड़े भारतीय पर दो करोड़ का इनाम घोषित

नई दिल्ली/ वाशिंगटन। अमेरिका की जांच एजेंसी एफबीआई ने एक भारतीय पर दो करोड़ रुपए से अधिक का इनाम रखा है। अहमदाबाद के वीरमगाम का रहने वाला ये भारतीय, अमेरिका के दस सर्वाधिक वांछित भगोड़े की सूची में शामिल भद्रेशकुमार चेतनभाई पटेल है। पटेल की गिरफ्तारी के लिए एफबीआई ने 250,000 डॉलर यानी (2 करोड़ 9 लाख रुपए से अधिक) तक का इनाम घोषित कर दिया है। भद्रेशकुमार अमेरिका की इस भगोड़े सूची में साल 2017 से शामिल है।

DSC में दीक्षांत समारोह

__वेलिंगटन।__ तमिलनाडु के वेलिंगटन स्थित डिफेंस स्टाफ कॉलेज (डीएससी) में शनिवार को 79वें स्टाफ कोर्स के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया।

देश के नामचीन गेमर्स से पीएम ने की मुलाकात, ऑनलाइन गेमिंग पर आजमाए हाथ

गेमिंग उद्योग को किसी नियमन की जरूरत नहीं: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि गेमिंग उद्योग को किसी नियमन की जरूरत नहीं है और इसे मुक्त रहना चाहिए, तभी इसमें तेजी आएगी। ई-गेमिंग उद्योग के भविष्य और उसके समक्ष मौजूद चुनौतियों पर शीर्ष भारतीय ऑनलाइन 'गेमर्स' के साथ बातचीत में, प्रधानमंत्री ने उनसे कुछ सवाल भी पूछे और कुछ खेलों में हाथ भी आजमाया। बातचीत के दौरान यह पूछे जाने पर कि क्या गेमिंग सेक्टर के लिए नियमन की कोई आवश्यकता है, तो पीएम मोदी ने कहा कि यह आदर्श स्थिति नहीं होगी। उन्होंने कहा, 'दो चीजें हैं, जो सरकार कर सकती है। या तो आप किसी कानून के तहत पाबंदियां लागू करें या हमारे देश की जरूरतों के मुताबिक उसे समझने और ढालने की कोशिश करें और इसे संगठित व कानूनी ढांचे के तहत लाएं और इसकी प्रतिष्ठा को बढ़ाए।

सरकारी दखल की जरूरत न हो

मोदी ने कहा, मेरा प्रयास देश को इतना मजबूत बनाना है कि 2047 तक, मध्यम वर्ग को सरकारी दखल की ज्यादा जरूरत ना पड़े। नहीं तो हम सिर्फ कागजों, दस्तावेजों और कानूनी प्रक्रियाओं में उलझे रहेंगे। मुश्किल समय में गरीबों को ही सरकार की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। प्रधानमंत्री ने गेमर्स को विभिन्न विषयों पर गेम बनाने के बारे में भी सोचने का आग्रह किया।

जलवायु परिवर्तन पर गेम बनाने का सुझाव

पीएम ने एक खास सुझाव देते हुए कहा कि वैश्विक जलवायु परिवर्तन की समस्या को संबोधित करने के उद्देश्य से आपको एक गेम की कल्पना करनी चाहिए, जहां गेमर को विभिन्न तरीकों और समाधानों का पता लगाना होगा। पीएम ने कहा, एक उदाहरण के रूप में स्वच्छता को लें, खेल का विषय स्वच्छता के इर्द-गिर्द घूम सकता है और हर बच्चे को यह खेल खेलना चाहिए। युवाओं को भारतीय मूल्यों को अपनाना चाहिए और उनकी वास्तविकता को समझना चाहिए।

आप मुझे ई-मेल करना

गेमर्स से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने गेमिंग उद्योग में नए विकास पर चर्चा की। पीएम ने जोर दिया कि कैसे सरकार ने गेमर्स की रचनात्मकता को पहचाना है और भारत में गेमिंग उद्योग को बढ़ावा दिया है। उन्होंने गेमिंग उद्योग में महिलाओं की भागीदारी पर चर्चा करते हुए जुआ बनाम गेमिंग से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की। इसी के साथ पीएम ने गेमर्स से कहा कि वो और सरकार उनकी समस्याओं का हल निकालेंगे। वो सभी समस्याओं को मेल कर बताएं।

नौसिखिया से तंज...गरमाई सियासत

प्रधानमंत्री मोदी ने गेमर्स के साथ बातचीत के दौरान गेमिंग से जुड़े 'नूब' और 'ग्राइंड' शब्दों पर चर्चा की। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि अगर मैं 'नूब' बोलूंगा तो आप इसे किसी खास से जोड़ लेंगे। पीएम की इस टिप्पणी के साथ ही राजनीति गरमा गई। ज्ञात रहे कि इस शब्द का इस्तेमाल नौसिखिया या फिर जो खेल में कुशल नहीं होता उसके लिए इस्तेमाल किया जाता है। तिवारी ने पीएम मोदी की इस टिप्पणी पर कहा कि मुझे नहीं पता कि वे किसके बारे में बात कर रहे हैं लेकिन इतना तो साफ है कि वह एक विपक्षी नेता के बारे में बात कर रहे हैं।

कांग्रेस क्यों दे रही है प्रतिक्रिया: पूनावाला

वहीं, भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि पीएम मोदी ने किसी का नाम नहीं लिया तो कांग्रेस नेता प्रतिक्रिया क्यों दे रहे हैं। इसके अलावा, भाजपा की लोकसभा उम्मीदवार कंगना रनौत ने गेमर्स के साथ पीएम मोदी की बातचीत का वीडियो पोस्ट करते हुए पूछा कि यह नौसिखिया कौन है।

मॉडर्न लाइफ के बीच जीवंत की सदियों पुरानी पम्परा

महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर माता गणगौर के गीत गाए... मेहंदी लगाई

बेधड़क.जयपुर। लेडीज ने मॉडर्न लाइफ के बीच सदियों पुरानी परंपरा को जीवंत किया और पुराने रिती-रिवाजों को अनोखे ढंग से दर्शाया। ये थीं जयपुर की लेडीज ग्रुप, जिन्होंने एफबीएस के साथ अनूठा कार्यक्रम रखा, जिसमें युवतियों ने मेहंदी लगाई, लाख के चूड़े पहने, मस्ती के लिए गेम्स खेले। सभी ने बांधनी पहनकर जयपुर की परंपरा को संजोया। गणगौर के गीतों के बीच हंसी अटखेलियों ने पूरे पंचोली के आंगन को खुशनुमा बना दिया। इस मौके पर नम्रता राणा ने कहा कि जयपुर की ट्रेडिशनल टेक्सटाइल को सहेजे रखना चाहती हैं, इसलिए वर्षों पुराने आर्टिजंस को जोड़े हुए हैं। वहीं, मेघा गुप्ता ने बताया कि हर लेडी को आगे बढ़ाना चाहती हैं, जिससे वह सब को सपोर्ट कर सके और इसलिए कई कार्यक्रम हर महीने कराए जाते हैं।

ग्रुप फोटो और सेल्फी की एंजॉय

इस मौके पर लेडीज ने ट्रेडिशन ड्रेस, डिशेज आदि के बारे में जाना और उनको एंजॉय किया। साथ ही ग्रुप व सेल्फी फोटोग्राफी करते हुए प्रोग्राम को चार चांद लगाए। साथ ही वे ओल्ड सिटी गईं और वहां पर प्रोग्राम को कराया, जिससे फीलिंग के साथ पुराने शहर को जानने का मौका मिल सके।

स्पेशल प्राइज से किया प्रभावित

कनकप्रिया लॉयल्का, तरंग अग्रवाल, पारुल विजयवर्गीय, अंशिता गुप्ता, बेला बधलिया, प्रेरणा धूत आदि सहित दर्जनों महिलाओं ने गेम्स में सभी ने एंजॉय किया। साथ ही स्पेशल प्राइज देकर महिलाओं को मोटिवेट किया गया।

गुरजंट सिंह को BAJ अवॉर्ड

बेधड़क. जयपुर। गुरजंट सिंह धालीवाल को मधुबनी बिहार में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में बेस्ट एग्रीकल्चर जनर्लिस्ट अवॉर्ड से नवाजा गया। कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अलेंकर, पूर्व केंद्रीय मंत्री हुकुम देव नारायण यादव, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी, श्रीकर्ण नरेंद्र एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, जोबनेर जयपुर के वाइस चांसलर प्रो. डॉ. बलराज सिंह, आईसीएआर, नई दिल्ली के असिस्टेंट डायरेक्टर जनरल (एचआरएम) ने अवार्डीज को सम्मानित किया।

ब्रदर्स यूनाइटेड और जिंक फुटबॉल अकादमी ने जीता मैच

बेधड़क. जयपुर। राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे मैचों में टीम शानदार प्रदर्शन कर रही है। इसी के तहत शनिवार को रॉयल फुटबॉल क्लब मैदान में राजस्थान लीग का 72 मैचों में से 35-36 मैच नंबर खेला गया। इसमें ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबॉल क्लब और जिंक फुटबॉल अकादमी ने शानदार जीत हासिल की। राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि पहला मैच एएसएल फुटबॉल क्लब व ब्रदर्स यूनाइटेड के बीच खेला गया। ब्रदर्स यूनाइटेड क्लब ने मैच 4-0 से जीता। दूसरा मैच सनराइस फुटबॉल क्लब और जिंक फुटबॉल अकादमी के बीच खेला गया। इसमें जिंक फुटबॉल अकादमी विजेता रहा।

योगेश-निमिषा बने डायरेक्टर

बेधड़क. जयपुर। फ्यूजन ग्रुप के डायरेक्टर व मिस राजस्थान के फाउंडर डायरेक्टर योगेश व निमिषा मिश्रा मिस प्लैनेट इंटरनेशनल के नेशनल डायरेक्टर के रूप में नियुक्त किए गए। उन्होंने बताया कि प्लेनेट इंटरनेशनल के बारे में बताया कि इसका आयोजन कंबोडिया में अक्टूबर महीने में कराया जाएगा।

City इवेंट्स

चावल पर मतदान की अपील



बेधड़क. जयपुर। सूक्ष्म लेखन कलाकार नीरू छाबड़ा ने अपनी कला के माध्यम से चावल के दानों पर स्लोगन लिखकर लोकसभा चुनाव में मतदान की अनूठे तरीके से अपील की है। इसके लिए उन्होंने 18 कलाकृतियां में लोगों को वोटिंग के प्रति जागरूक करने वाले अलग-अलग स्लोगन लिखे हैं। नीरू ब्रश से चावल पर सूक्ष्म लेखन कर धार्मिक, राष्ट्रीय, त्योहार व चुनाव में वोट डालने आदि विषयों पर कलाकृतियां बना रही हैं। बता दें कि नीरू को 108 अक्षर एक चावल के दाने पर लिखने वाली पहली महिला कलाकार होने का गौरव भी मिल चुका है।

जयपुर की पाक कला फूड एक्स्पी पर

बेधड़क. जयपुर। रसोई की शान 'चांदी की दाल' और 'हुजूर का पुलाव', 'नागौरी कौरमा' आदि राजस्थान अपने इतिहास में संजोय बैठा है। ऐसी ही कुछ राजस्थान की रॉयल परिवारों के खजानों में छुपी चुनिंदा रेसिपीज को जब शेफ डॉ. सौरभ शर्मा ने सामने रखा तो हर कोई खिंचा चला आया। राजस्थान के रजवाड़ों की रसोई की शान और पाक विरासत को जीवित रखने की कोशिश कर रहे शेफ सौरभ कई बड़ी उपाधियां अपने नाम कर चुके हैं। नेशनल चैनल फूडएक्स्पी पर शो राजस्थानी रसोई के पहले सीजन की सफलता के बाद अब सीजन 2 के 10 एपिसोड्स के शो में शेफ जयपुर घराना, मेवाड़ घराना, जोधपुर घराना, बीकानेर घराना, कोटा घराना सहित विभिन्न रजवाड़ों के समय, स्वाद और सरलता को टीवी पर प्रस्तुत कर रहे हैं।

IDA राजस्थान की मीटिंग और डेंटल सीडीई

इंप्लांट्स और ओरल सर्जरी की नवीन तकनीक की जानकारी दी

बेधड़क | जयपुर

आईडीए राजस्थान की कार्यकारिणी की मीटिंग राजधानी में एक निजी होटल में आयोजित कि गई। इस दौरान आईडीए राजस्थान के प्रेसिडेंट इलेक्ट डॉ. भगवान दास, आईडीए राजस्थान के पूर्व अध्यक्ष डॉ. हरीश भारद्वाज, आईडीए राजस्थान के सचिव डॉ. जेएस वालिया, उदयपुर से डॉ. नरेंद्र बंसल व डॉ. हिमांशु गुप्ता, अलवर से डॉ. सप्तऋषि, सीकर से डॉ. लोकेश शर्मा, जयपुर ग्रेटर से डॉ. सुनील राघव व डॉ. प्रशांत भारद्वाज, डॉ. निशांत गुप्ता, डॉ. असित त्रिवेदी, डॉ. नीतेश त्यागी, डॉ. नितिन शर्मा, डॉ. संजीव चौधरी आदि उपस्थित रहे। मीटिंग में आगामी समय में होने वाले स्टेट डेंटल कांफ्रेंस, जयपुर डेंटल शो, सीडीई प्रोग्राम के बारे में व नई लोकल ब्रांचेज व मेम्बरशिप ग्रोथ के बारे में चर्चा की गई। इस अवसर पर आईडीए जयपुर ग्रेटर द्वारा एक सीडीई का आयोजन भी किया गया, जिसमें उदयपुर के डॉ. भगवान दास व राजकीय दंत महाविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य डॉ मोहित अग्रवाल ने इंप्लांट्स व ओरल सर्जरी की नवीनतम तकनीक की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर आईडीए जयपुर ग्रेटर की नवगठित कार्यकारिणी की भी मीटिंग हुई, जिसे अध्यक्ष डॉ. प्रशांत भारद्वाज व सचिव डॉ. सुनील राघव ने संबोधित किया। इसमें डॉ. पूजा गुप्ता, डॉ. हिमांशु शर्मा, डॉ. सत्यवीर और डॉ. अरविंद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

पेंटिंग एग्जीबिशन 'वूमन आर्ट ऑरा-6' शुरू

दिखाया टैलेंट, कैनवास पर उतारे राजस्थानी मॉन्यूमेंट्स

बेधड़क | जयपुर

वर्ल्ड हेरिटेज के मौके पर महिला कलाकारों ने कैनवास पर राजस्थान के मॉन्यूमेंट्स को उतारकर टैलेंट का दमखम दिखाया। मौका था विनिता आर्ट्स एंड आर्ट ट्यून की ओर से आयोजित 2 दिवसीय पेंटिंग एग्जीबिशन 'वूमन आर्ट ऑरा-6' का। जवाहर कला केन्द्र की सुकृति आर्ट गैलरी में पेंटिंग एग्जीबिशन का उद्घाटन मुख्य अतिथि त्रिनेश गणेश मन्दिर (सवाई माधोपुर) के प्रधान सेवक हिमांशु गौतम ने किया। गौतम ने महिला कलाकारों की पेंटिंग्स की तारीफ कर कहा कि राजस्थान के मॉन्यूमेंट्स की पूरे विश्व में अलग ही पहचान है। यहां के हेरिटेज जगहों को देखने के लिए लोग विश्वभर से आते हैं। एग्जीबिशन में 75 कलाकारों की 150 से अधिक कलाकृतियां प्रदर्शित होंगी। आयोजक विनिता ने बताया कि वर्ल्ड हेरिटेज डे के उपलक्ष्य में एग्जीबिशन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें स्कल्पचर्स, पेंटिंग्स और फोटोग्राफ्स के माध्यम से राजस्थान के मॉन्यूमेंट्स की खूबसूरती को दिखाया जाएगा। साथ ही आर्टिस्ट लाइव पेंटिंग का डेमो देंगे। गाजियाबाद से आर्टिस्ट सुमित्रा प्रजापत ने हवामहल की पेंटिंग बनाकर ध्यान खींचा। वहीं, उदयपुर से आर्टिस्ट प्रीति निमावत, प्रज्ञा गर्ग व सिमरन बिड़ला ने उदयपुर सिटी पैलेस की सुन्दरता को कैनवास पर उतारा है तो जोधपुर से हर्षा गुप्ता ने जसवंत थड़ा को चित्रित किया है।

नेट थिएट नाटक में महिलाओं ने ही निभाए पुरुषों के पात्र

णमोकार मंत्र और 'सच्ची श्रद्धा' से जीवन हुआ साकार

बेधड़क | जयपुर

नेट थिएट के दौरान महिला जागृति संघ की ओर से शशि जैन द्वारा लिखित और राजेंद्र शर्मा द्वारा निर्देशित नाटक सच्ची श्रद्धा-भक्ति की जीत का सशक्त मंचन किया गया।

राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि पटना शहर में जिनदत्त सेठ और सेठानी और उनकी सुंदर लड़की सोमा रहती थी। सोमा धर्म में सच्ची श्रद्धा व अटूट विश्वास रखने वाली थी। बचपन से ही धार्मिक संस्कारों में रची पली थी। जब वह 16 वर्ष की हुई तो सेठानी को शादी की चिंता सताने लगी। धूमधाम से सेठ सोमदत्त के बेटे सोम से शादी संपन्न होती है। सोमा अपनी ससुराल पहुंचती है, क्योंकि सोमा ने माताजी से नित्य देव दर्शन और रात्रि भोजन का त्याग का नियम ले रखा था। उसके ससुराल में सास और ससुर और पति सोम द्वारा जैन धर्म महत्वपूर्ण विश्वास रखने वाली सोमा के देव दर्शन और रात्रि भोजन त्याग का विरोध करते हैं। उस पर जुल्म करते हैं। पति द्वारा नाग से कटवाकर मारने की योजना बनाई जाती है, लेकिन सोमा की सच्ची भक्ति से जब सोमा नाग को पहनती है तो वह फूलों की माला बन जाती है। जब वह अपने पति को उस माला को पहनाती है तो वह सांप बन जाता है और पति को डस लेता है।

णमोकार मंत्र से पति को जिंदा किया

न्याय के लिए राजा के पास जाने पर राजा द्वारा जब सोमा से कहा जाता है कि वह अपनी भक्ति से क्या इसे जिंदा कर सकती है। तब सोमा णमोकार मंत्र का जाप करती है और जिन प्रभु से अपने पति के जिंदा करने की प्रार्थना करती है। भक्ति के प्रभाव से उसका पति जिंदा हो जाता है। राजा जब तीनों को दोषी मानते हुए सजा देते हैं तो सोमा के कहने पर राजा उन्हें क्षमा करते हैं। ऐसे में कहानी आगे बढ़ती है।

इन्होंने किया अभिनय

नाटक में निर्मला वेद, निर्मला गंगवाल, शारदा सोनी, ज्योति छाबड़ा, सोनिया जैन ने अभिनय से नाटक को साकार किया। साथ ही अंजू जैन, सरोज जैन बेला, गरिमा बाकलीवाल, रेखा गोधा, मंजू पाटनी, रेणु जैन, मानसी जैन और काशवी जैन ने अभिनय से नाटक को जीवंतता प्रदान की। नाटक में सरोज छाबड़ा, कुसुम ठोलिया और साधना काला ने गायन पक्ष संभाला। बाल कलाकार रति जैन और प्रार्थना जैन ने अपने छाप छोड़ी।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, रविवार, 14 अप्रैल, 2024

अवसरों का इंतजार नहीं उनका निर्माण कीजिए।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

विश्व स्वास्थ्य संगठन की टीम ने गाजा के अस्पतालों का किया दौरा

तबाही का मंजर देख दंग रह गया WHO



एजेंसी | तेल अवीव

इजराइल और हमास के बीच चल रही जंग के 6 महीने बीतने के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन की टीम ने गाजा के अस्पतालों का दौरा किया। डब्ल्यूएचओ की टीम खान यूनिस शहर के दो अस्पतालों में पहुंची। वहां तबाही का मंजर देखकर टीम के सदस्य दंग रह गए। अस्पताल की इमारत जहां-तहां टूटी फूटी नजर आई, वही अस्पताल के अंदर फर्स पर कई जगहों पर खून के धब्बे दिखाई दिए।

डब्ल्यूएचओ की टीम के एक सदस्य ने अस्पतालों की हालत देखकर कहा कि ये किसी भी कल्पना से परे है। डॉ. रिचर्ड पीपरकोर्न ने कहा कि यहां अधिकांश उपकरण और मशीनरी क्षतिग्रस्त हैं। अस्पताल पूरी तरह निष्क्रिय हैं। उनकी हालत देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां कितनी तबाही हुई है। यहां मरीजों का इलाज होना चाहिए था, लेकिन तबाही का मंजर है।

कुछ दिन पहले इजराइल की सेना ने दक्षिणी गाजा में अपने सैन्य अभियान को खत्म करने खान यूनिस शहर से निकल गई थी। इसके बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन की टीम यहां पहुंची और टीम के सदस्यों ने नासिर और अल-अमल अस्पताल का दौरा किया।

इजराइल- ईरान में छिड़ सकती है जंग

इजराइल और ईरान के बीच कभी भी जंग छिड़ सकती है। सीरिया में अपने दूतावास पर हमले का बदला लेने के लिए ईरान किसी भी समय इजराइल पर अटैक कर सकता है। अमेरिकी मीडिया में कहा जा रहा है कि ईरान इजराइल के सैन्य ठिकानों को तबाह करने के लिए 100 से ज्यादा ड्रोन, दर्जनों क्रूज़ मिसाइलें और संभवतः बैलिस्टिक मिसाइलें भी दाग सकता है। वहीं ईरानी हमले के मद्देनजर इजराइल में सुरक्षाकर्मियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। इसके साथ ही सैनिकों की छुट्टिया रद्द कर वापस बुला लिया गया है।

बलूचिस्तान में आतंकवादियों ने की 11 लोगों की हत्या

बस से उतारा... पहाड़ी पर ले गए और मार दी गोली

एजेंसी | पाकिस्तान (कराची)

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में अज्ञात आतंकवादियों ने 11 लोगों की हत्या कर दी। इससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई है। बताया जा रहा है कि इनमें नौ बस यात्री शामिल हैं। पुलिस ने शनिवार को बताया कि पहली घटना में सशस्त्र हमलावरों ने नोश्की जिले में राजमार्ग पर एक बस रुकवाई और बंदूक का डर दिखाकर नौ पुरुषों को नीचे उतरवा दिया। इसके बाद उनका अपहरण कर लिया। इसके बाद उन्हें एक जंगली पहाड़ी पर ले गए और गोली मारकर हत्या कर दी।

पाकिस्तान के एक अधिकारी ने बताया इन नौ पुरुषों के शव नजदीकी पर्वतीय इलाके में एक पुल के समीप मिले और उनके शरीर पर गोलियों के निशान पाए गए। उन्होंने बताया कि यह बस क्वेटा से ताफ्तान जा रही थी तभी सशस्त्र हमलावरों ने बस रुकवाई और यात्रियों की पहचान करने के बाद नौ पुरुषों को अगवा करके पर्वतीय इलाकों में ले गए। एक अन्य घटना में इसी राजमार्ग पर एक कार पर गोलीबारी की गई। इसमें दो यात्रियों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए।

आतंकियों को नहीं बख्शेंगे: मुख्यमंत्री

बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगती ने कहा कि नोश्की राजमार्ग पर 11 लोगों की हत्या में शामिल आतंकवादियों को बख्शा नहीं किया जाएगा और उन्हें जल्द ही पकड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि इन आतंकवादियों का उद्देश्य बलूचिस्तान की शांति भंग करना है। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने भी घटना की निंदा करते हुए कहा कि सरकार इस मुश्किल वक्त में मृतक के परिवारों के साथ है। अभी तक किसी भी प्रतिबंधित संगठन ने इन हत्याओं की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन इस साल हाल के हफ्तों में प्रतिबंधित संगठनों और आतंकवादियों द्वारा आतंकी हमलों की घटनाओं में वृद्धि हुई है।

क्वेटा से ताफ्तान जा रही थी बस

डिप्टी कमिश्नर हबीबुल्लाह मुसाखेल ने बताया कि लगभग 10-12 बंदूकधारियों ने नोश्की के पास सुल्तान चरहाई के आसपास क्वेटा-ताफ्तान राजमार्ग एन-40 को अवरुद्ध कर दिया। इस दरम्यान क्वेटा से ताफ्तान जा रही बस को रुकवाया। बस से नौ यात्रियों का अपहरण कर लिया। आतंकियों ने अपहरण करने से पहले सभी के पहचान पत्र चेक किए थे। बाद में 9 यात्रियों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। नोश्की स्टेशन हाउस अधिकारी असद मेंगल ने बताया कि सभी 9 मृतक पंजाब से थे। सभी पुरुष थे, जो वजीराबाद, मंडी बहाउद्दीन और गुजरांवाला से थे।

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने की निंदा

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हमले की कड़ी निंदा की और घटना की रिपोर्ट मांगी। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में हम शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़े हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद की इस घटना के अपराधियों और उनके मददगारों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आतंकवाद के खतरे को जड़ से खत्म करने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई।

यूक्रेन के जापोरीजिया क्षेत्र में हुई घटना में 18 घायल

गोलाबारी में 3 बच्चों सहित 10 की मौत

कीव। यूक्रेन के जापोरीजिया क्षेत्र में रूस के कब्जे वाले शहर में हुई गोलाबारी में तीन बच्चों सहित 10 लोगों की मौत हो गई। जापोरीजिया उन चार यूक्रेनी क्षेत्रों में से एक है, जिन पर आंशिक रूप से रूसी सेना का कब्जा है।

क्रेमलिन के स्थानीय अधिकारी ने हमले के लिए यूक्रेन को जिम्मेदार ठहराया। इस पर यूक्रेन की ओर से कोई टिप्पणी नहीं की गई है। हालांकि, यूक्रेनी अधिकारियों ने भी रूस की ओर से हमला बोलने का आरोप लगाया है, जिसमें तीन यूक्रेनियों की मौत हो गई है।

क्रेमलिन की ओर से इलाके में तैनात अधिकारी येवेन बालिट्स्की ने कहा कि टोकमाक में घरों के मलबे के नीचे फंसे नागरिकों को बचाने के लिए रूसी आपातकालीन सेवाओं से जुड़े कर्मचारी शनिवार को मशक्कत करते रहे। तीन अपार्टमेंट ब्लाकों पर गोलाबारी हुई। कुल 18 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 13 को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, पांच को मलबे से जिंदा निकाला गया। दो लोग लापता बताए जा रहे हैं।

वीडियो वायरल

अमेरिका: नदी में उतरा एलियन का यान!

एजेंसी | वॉशिंगटन

एलियन्स को लेकर दुनियाभर के लोगों में कौतूहल बना ही रहता है। वहीं समय-समय पर एलियन्स के यान यानी यूएफओ को देखने के भी दावे किए जाते रहे हैं। हालांकि अब तक न तो कोई एलियन किसी से मिला है और ना ही कोई यान किसी के हाथ लगा है। इसी बीच एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक लाइट बीम आसमान से उतरती हुई नजर आती है जो कि नदी के पानी में समा जाती है।

इसके बाद यह लाइट बीम फिर से बाहर निकलती है। कई लोगों का कहना है कि यह यूएफओ है। वहीं बहुत सारे लोगों का कहना है कि यह कोई ड्रोन था। इस मामले पर बहस ही चल रही है। इस मामले में प्रशासन की तरफ से कोई बयान जारी नहीं किया गया है। बता दें कि इस मामले को फिलाडेल्फिया में गंभीरता से इसलिए देखा जा रहा है क्योंकि पहले भी यहां यूएफओ देखने के दावे किए जा चुके हैं।

वीडियो हो रहा है वायरल

अमेरिका के फिलाडेल्फिया में डेलावेयर नदी का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि एक नीली रोशनी वाली कोई चीज धीरे-धीरे पानी के अंदर उतर रही है। सोशल मीडिया पर लोग इसके वीडियो पर तरह-तरह के कॉमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि यह कोई ड्रोन हो सकता है। इस पर नीली एलईडी लाइट लगी है। एक अन्य यूजर ने कहा कि पानी में लाइट का रिफ्लेक्शन देखने के बाद लगाया है कि यह कोई ड्रोन है जिस पर लाइट लगी है। हो सकता है कि फिशिंग के लिए नीली लाइट वाली छड़ को पानी के अंदर डुबोया गया हो। इस पर फिशिंग लाइन भी लगी रही हो जो किसी को दिखाई ना दी हो। वहीं कई लोगों का कहना है कि यह ऑपरेशन ब्लू बीम हो सकता है। एक यूजर ने कहा कि यह ऑपरेशन ब्लू बीम के तहत हो सकता है कि यूएफओ जैसा ऑब्जेक्ट बनाने की कोशिश की गई हो। अगर यह एलियन का यान होता तो केवल पानी पर तैरकर क्यों लौट जाता। इसे कुछ और भी करना चाहिए था।

राजस्थान से लेकर उत्तर भारत में ख़बरों की दुनिया का सबसे विश्वसनीय नाम
सच बेधड़क
बेधड़क अंदाज, बेधड़क खबरें
टीवी न्यूज़ चैनल एवं दैनिक हिन्दी अख़बार
Channel Now Available on
TATA PLAY 1186
airtel digital TV 372
RM Cable 123
FW Radiant 345
DCN 987
GTPL 986
DOWNLOAD APP NOW
OUR DIGITAL PARTNER
dailyhunt JioNews
B-37, 38, 39, Kamal Ratan Tower, 10-B Scheme,
Gopalpura Bypass Road, Jaipur, 302018
official@sachbedhadak.com www.sachbedhadak.com +91 9664014179
Sach Bedhadak Sach Bedhadak Sach Bedhadak sach_bedhadak

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
संपादक: विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl